TEXT FLY WITHIN THE BOOK ONLY

TIGHT BINDING BOOK

UNIVERSAL
LIBRARY

OU_182438

UNIVERSAL
LIBRARY

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY
Call No. H81.08/R14H Accession No. G.H-1684
Author राहुल सांकृत्यायन ।
Title हिंदी काव्य-धारा । 1945
This book should be returned on or before the date last marked below.

प्रकाशक
किताब महल
इलाहाबाद

प्रथम संस्करण, १९४५

मुद्रक
जे० के० शर्मा
इलाहाबाद लॉ जर्नल प्रेस
इलाहाबाद

अवतरणिका

इस सग्रहमे कवियोंकी अधिकसे अधिक कविताओंके देनेका निश्चय किया गया; ऐसी अवस्थामे एक-एक कविकी अलग-अलग आलोचना संभव नहीं। इसीलिए हमने एक-एक काव्य-युगके समझनेके लिये उसकी पृष्ठ-भूमि दे देने पर ही सन्तोष किया है।

सबसे पहले सवाल आता है इस युग—सिद्ध-सामन्त-युग—के कवियोंकी भाषाके बारेमे।

१. कवियोंकी भाषा

हमारे इस युग (७६०-१३०० ई०)की भाषा और आजकी भाषामें काफी अन्तर है, यह हम मानते है; तो भी हम बतलायेगे, कि मूलतः वह भाषा और आजकी भाषा एक है। इस युगमें भी सरहपा (७६० ई०) और राजशेखर-सूरि (१३०० ई०)के बीचकी पाँच सदियोंमे भाषा अचल नही बनी रही। वस्तुतः दुनियामे कोई चीज़ अचल रह ही नहीं सकती। वहाँ यदि कोई अचल है, तो यही परिवर्त्तनका नियम। पीढ़ीके बाद पीढ़ी आती गई और भाषा भी उसके साथ बदलती गई। यदि हम सत्तर बरसकी दादीकी भाषाको ही देखें, तो उससे पोतीकी भाषामे परिवर्त्तन साफ़ दीख पड़ेगा। बोल-चालकी भाषाको तो छोड़िये, लेखबद्ध भाषा—जिसे छप जानेसे हम बाज़ वक़्त अचल समझनेकी ग़लती करते है—में भी परिवर्त्तन दिखाई पड़ता है; इसे हम भारतेन्दु और राजा लक्ष्मणसिहकी भाषासे १९४४ की भाषाकी तुलना करके आसानीसे देख सकते हैं। यदि आधी शताब्दीमे इतना अन्तर हो सकता है, तो सरहपा और राजशेखरके बीचकी पाँच शताब्दियोंने भाषामे काफी अन्तर डाला है, यह आश्चर्यकी बात नही है।

• पाँच शताब्दियोंमे कितना अन्तर हुआ, इसे हम आसानीसे समझ सकते; यदि कवियोंके हाथके लिखे या उनके समकालीन ग्रन्थ हमारे पास होते। मुश्किल यह है, कि हमारे पास जो हस्तलिखित प्रतियाँ पहुँची हैं, वह कई-कई शताब्दियों बाद लिखी गई थीं। यह भाषा संस्कृतकी तरह व्याकरण द्वारा दृढ़बद्ध कोई मृत-भाषा नही थी। इन हस्तलिखित प्रतियोंके लिखनेवाले काव्योंके समझने

और रसास्वादनके लिये लिखते-लिखवाते थे; और जब किसी शब्दके पुराने रूपको कुछ अपरिचित-सा हुआ देखते, तो उसे नवीन रूपमें लिख डालते। इस तरह हस्तलिखित प्रतियोंमें कवि-कालीन भाषासे परिवर्त्तन हो गया। फिर वे प्रतियाँ यदि किसी "नीम-हकीम खतरा-जान" सम्पादकके हाथमें पड़ गईं, तो क्या गति बनी, इसे मुनि जिनविजय जीके शब्दोंमें कहें तो—"जो कोई एवी जूनी कृति परिमाणमां वधारे लोक-प्रिय बनी होय, तेवी भाषा रचनामां जुदा जुदा जमानाना अनेक जातनां रूपो अने पाठ-भेदो उमेराई ते वधारे अनवस्थित रूप धारण करे छे। अने साथे कोई भाषा-तत्वानभिज्ञ संशोधक साक्षरने हाथे जो तेना जीर्ण-देहनूं कायाकल्प थई जाय, तो तछन नूतन रूप प्राप्त करी ले वे।"

"आवी जूनी कृतिओंनूं मूल-स्वरूप मेलववा माटे अधिक संख्यामां अने जेम वने तेम बधारे जूनी लखेली प्रतिओं मेलववी जोइये, अने तेमना सूक्ष्म अवलोकन अने पृथक्करणना आधारे पाठ-विचारणा थवी जोइये। आ पद्धतिए कार्य करवाथीज आवी प्राचीन कृतिओंनों आदर्शभूत पाठोद्धार थई शके, अने कर्त्तानी शुद्ध-भाषानो परिचय मली सके।"

यह तो हस्त-लिखित प्रतियोंके संपादनमें कितनी सावधानीकी जरूरत है, यह बात हुई।

इस संग्रहमें इन पुराने कवियोंकी कविताओंके जो नमूने दिये गये हैं, उनको एक बार देखते ही पाठक समझनेमे असमर्थ हो कह पड़ेंगे, कि यह तो हिन्दी-भाषा है ही नहीं। इसीलिए यहाँ यह बतलानेकी आवश्यकता है, कि वह उससे भी कहीं अधिक हिन्दी-भाषा है, जितनी कि आजकी मालवी, मारवाड़ी, मल्ली (भोजपुरी) और मैथिली। आपको जो दिक्कत हो रही है, वह दादी (पाली)की इस प्रतिज्ञा हीके कारण, कि उनके पास कोई शुद्ध संस्कृत—तत्सम—शब्द फटक नहीं सकता।

दादीकी इस प्रतिज्ञाको चाहे बुढ़भस कह लीजिए, उनके यहाँ गजको गय बोला जायगा; लेकिन गजेन्द्रकी जगह गयंद तो अब भी आप सुनते हैं; मृगांक (चंद्र)के स्थान पर मयंक अब भी प्रयुक्त होता है। इस भाषाके सम-

झनेमे जो दिक्कत होती है, वह इसी संस्कृत-रूपके पूरे बायकाट और एकमात्र तद्भव—अपभ्रंश—रूपके प्रचार हीके कारण।

आप जैसे ही तद्भव "मयंक" को तत्सम (मृगांक) रूप देनेकी कुंजी पा जायँगे, वैसे ही यह भाषा आपके लिए उतनी ही आसान हो जायेगी जितनी सूर और तुलसीकी। आपके लिए यह काम हमने आमने-सामनेके पृष्ठोंपर तद्भव (मूल)-भाषा और तत्सम-भाषा (छाया) देकर कर दिया है। आप अपने किसी मित्रको सामनेका पृष्ठ पढ़नेके लिए कह कर यदि मूलभाषाकी पंक्तियोंको देखते जायँ तो खुद समझने लग जायेंगे कि यह भाषा संस्कृत-प्राकृत नहीं, हिन्दी है।

आपने सुन रक्खा होगा, कि इस भाषाको अपभ्रंश कहते हैं, शायद इससे आप समझने लगे होंगे, कि तब तो यह हिन्दीसे जरूर अलग भाषा होगी। लेकिन नाम पर न जाइये, इसका दूसरा नाम "देशी" भाषा भी है। अपभ्रंश इसे इसलिए कहते हैं, कि इसमें संस्कृत शब्दोंके रूप भ्रष्ट नहीं, अपभ्रष्ट—बहुत ही भ्रष्ट—हैं, इसलिए संस्कृत-पंडितोंको ये जाति-भ्रष्ट शब्द बुरे लगते होंगे। लेकिन शब्दोंका रूप बदलते-बदलते नया रूप लेना—अपभ्रष्ट होना—दूषण नहीं भूषण है; इससे शब्दोंके उच्चारणमें ही नहीं अर्थमें भी अधिक कोमलता, अधिक मार्मिकता आती है। "माता" संस्कृत शब्द है, उसका "मातु", "माई", और "माबो" तक पहुँच जाना अधिक मधुर बननेके लिए था। खेद है यहाँ भी कितने ही "नीम-हकीमों" ने शुद्ध संस्कृत "माता" को ही नहीं लिया, बल्कि उसमें "जी" लगाकर "माताजी" बना उसके ऐतिहासिक माधुर्य्यको ही नष्ट कर डाला। अस्तु, यह निश्चित है कि अपभ्रंश होना दूषण नहीं भूषण था।

कवियोंकी भाषा पर विचार करते हुए हम तत्कालीन साधारण बोलचाल-की भाषापर चले गए, लेकिन हमें फिर सिर्फ साहित्यिक भाषापर विचार करना है। पाँच सदियोंके जिन कवियोंकी कृतियोंका हमने यहाँ संग्रह किया है, वह दो चार जिलेके बराबर किसी छोटेसे प्रदेशके रहनेवाले नही थे। जहाँ सर-हपा और शबरपा बिहार-बंगालके निवासी थे, वहां अब्दुर्रहमानका जन्म मुल्तान-में हुआ था। स्वयंभू और कनकामर शायद अवधी और बुन्देली, क्षेत्र—युक्त

प्रान्त—के थे, तो हेमचंद्र और सोमप्रभ गुजरातके। और रसिक तथा आश्रयदाता होनेके कारण मान्यखेट (मालखेड)•(निजाम हैदराबाद)का भी इस साहित्यके सृजनमें हाथ रहा है।

इस प्रकार हिमालयसे गोदावरी और सिधसे ब्रह्मपुत्र तकने इस साहित्यके निर्माणमें हाथ बँटाया है। यह भाषा संस्कृतकी तरह ही मृतभाषा नही थी, यह हम कह आये हैं। साहित्यकी भाषा भी कोई मूल बोलचालवाली भाषा होनी चाहिए, और वह भाषा जरूर एक परिमित क्षेत्रकी मातृभाषा हो सकती है। स्वयंभूकी भाषाकी क्रियाओं और कितने ही कुंजीके शब्दोंको देखनेसे वह अवधीके सबसे नजदीक मालूम होती है। यद्यपि ऐसा कहनेसे बहुत दिनोंसे चली आई इस धारणाके हम खिलाफ जा रहे है, कि अपभ्रंश साहित्य सौरसेनी और महाराष्ट्री अपभ्रंशों हीमें लिखा गया। लेकिन, जो सामग्री हमारे सामने मौजूद है, वह हमें वही कहनेके लिए मजबूर करती है। हाँ, इसका यह मतलब नही कि और भाषाओंके विशेष शब्द उसमें नही हैं। 'चंगा'·("अच्छा") शब्द का बहुत अधिक प्रचार अब पंजाबी और मराठीमें ही रह गया है, लेकिन हमारे सामने जो भाषा है, उसमें इसका खूब प्रयोग हुआ है। "थाक" (रहना) जिस अर्थ में यहां प्रयुक्त हुआ है, वह अब बंगलामें ही मिलता है। 'मेल्ही' (छोड़ना) अब राजपूतानामें ही बोली जाती है। 'ढूक' (देखना) अब सिर्फ बुन्देली और व्रजभाषामें देखनेको मिलता है, और 'एवड़ा' (इतना) 'तेवड़ा' गढवाली और मराठीमे। अछे (है) 'छे' के रूपमें बंगला, मैथिली, गोरखा, मेवाड़ी और गुजरातीमें सुननेको मिलता है। इसलिए हम स्वयंभू जैसे कवियोंकी भाषाको जब पुरानी अवधी या कोसली कहते है, तो उसका यह मतलब नही, कि दूसरी प्रान्तीय भाषाओंसे उसका कोई संबंध नही था। वस्तुतः उस वक्त उत्तर-भारत की सारी भाषायें एक दूसरेके बहुत नजदीक थी। प्रान्तीय भाषायें उस वक्त काफी थीं। "प्राकृत-चंद्रिका"में उनकी एक मोटीसी गणनाकी गई है, जो इस प्रकार है—

व्राचडी	कैकेयी
लाटी	गौड़ी

वैदर्भी
नागरी
वर्वरी
आवन्ती (मालवी)
पांचाली
टक्की
औड्री (उड़िया)
सैंहली
गुर्जरी
आभीरी
मध्यप्रदेशी, आदि

मार्कण्डेयने "प्राकृत सर्वस्व"में जिन अपभ्रंशोंको गिनाया है, उनमेसे कुछ हैं—

पांचाली (कन्नौज-बरेली)
वैदर्भी (वरारी)
लाटी (दक्षिण-गुजराती)
औड्री
कैकेयी
गौड़ी
सैंहली
आभीरी
मध्यदेशीया
गुर्जरी
पाश्चात्या (पछैयाँ)

"कुवलय-माला"ने भी कितने ही नाम दिये हैं—

गोल्ली (गौड़ी)
मध्यदेशीया
मागधी
अन्तर्वेदी
कीरी
टक्की
सिंधी
मरुदेशी
गुर्जरी
लाटी
मालवी
कोसली
महाराष्ट्री

इस प्रकार हिमालय-गोदावरी और सिन्ध-ब्रह्मपुत्रके बीच यद्यपि बहुतसी बोल-चालकी भाषायें थीं, मगर उनके साथ सबकी एक सम्मिलित भाषा भी थी।

बोलचालकी भाषाओंमें लिखित साहित्य था या नहीं, इसके बारेमें अभी

कुछ कहा नहीं जा सकता। सम्भव है,'इन कविताओंको जिस रूपमें हम पेश कर रहे हैं, उसमें बहुत कुछ शताब्दियोंके लेखकों, पाठकोंका हाथ हो।

मूल-रूप में कितने ही कवियों—खास कर सिद्धों—ने अपनी कवितायें अपनी ही मातृभाषामें की होंगी।

ऊपरके कथनसे मालूम होता है, कि हमारे यहाँ सांस्कृतिक और साहित्यिक, राजनीतिक और व्यापारिक प्रयोजनके लिए एक भाषाकी आवश्यकताको बहुत पहिलेसे माना जाता रहा है। इसीलिए आज हिन्दीके राष्ट्रभाषाका सवाल कोई नई चीज़ नहीं है।

फिर भी सवाल दुहराया जायेगा, कि हमारे इन कवियोंकी भाषा हिन्दी नही, बल्कि संस्कृत-प्राकृतकी तरह कोई बिल्कुल ही अलग भाषा है। "अपभ्रंश" नाम सुनते-सुनते इस ग़लत धारणाके शिकार हम जरूर हो चुके हैं; मगर बात ऐसी नहीं है। संस्कृत (छन्दस्), पाली और प्राकृत जितनी एक दूसरेके नजदीक है, अपभ्रंश उतनी नहीं है। पुरानी संस्कृत या छन्दस् (वैदिक)-भाषा १५०० ई० पू० से ६०० ई० पू० तक थोड़ा बदलते हुए बोली जानेवाली जीवित भाषा थी।

५०० ई० पू०मे बुद्धके समय उसने मूल-पालीका रूप धारण कर लिया और आगे हल्केसे परिवर्त्तनके साथ वह पाँच शताब्दियों तक जारी रही। फिर ईसवी सनके साथ प्राकृतका आरंभ हुआ और वह छठीं सदी तक चलती रही। इन बीस सदियोंमें छन्दस्, पाली, प्राकृतके जो तीन छोटे-मोटे भाषा-स्वरूप हमें मिलते हैं, उनमे परस्पर भेद होते हुए भी बहुत कुछ समानता है। असमानता यही है कि संस्कृतके क्लिष्ट उच्चारणको आसान (बालभाषा) बनाकर पालीने तद्भव शब्दोंकी रचना शुरू की। संस्कृतके भारी-भरकम व्याकरण-कलेवरको कम करके उसने द्विवचन और कुछ प्रयोगोंके झंझटसे बोलनेवालोंको बचाया—बोलने-वालोंने खुद अपनेको बचाया, यही कहना अधिक उचित होगा। कितना बचाया यह इसीसे मालूम होगा कि जहाँ शुद्ध संस्कृत बोलनेके लिए छ हजारसे ऊपर सूत्र-वार्त्तिकोंको याद रखनेकी जरूरत है, वहाँ पालीमें वह काम आठ-नौ सौ सूत्रोंसे ही हो जाता है।

प्राकृतने शायद व्याकरणके नियमोंकी संख्याको और कम नही किया, लेकिन तद्भव या उच्चारणके सरलीकरणके कामको उसने और जोर-शोरसे किया। उस युगमे स्वर ही नही व्यंजनोंकी भी खैर नहीं थी, यदि वह शब्दके आरंभमे न रहे। तद्भव करनेमें पाली और प्राकृत एक-सी रहीं।

लेकिन, इतना होते हुए भी सुवन्त, तिङन्त या शब्द-रूप और धातु-रूपकी शैलीमें दोनों हीने संस्कृतका अनुसरण नहीं छोड़ा, इसीलिए पाली और प्राकृत-को संस्कृत रूप देनेमें बहुत थोड़े श्रमकी ज़रूरत होती है—तद्भवको तत्सम कर दीजिए, आवश्यकता होनेपर द्विवचन और आत्मनेपद कर दीजिए, बस उसी पुराने ढाँचेमें ही संस्कृत रूप तैयार हो गया।

और अपभ्रंश? यहाँ आकर भाषामें असाधारण परिवर्त्तन हो गया। उसका ढाँचा ही बिल्कुल बदल गया, उसने नये सुबन्तों, तिङन्तोकी सृष्टि की, और ऐसी सृष्टि की है, जिससे वह हिन्दीसे अभिन्न हो गई है, और संस्कृत-पाली-प्राकृतसे अत्यन्त भिन्न।

'कहेउ', 'गयउ', 'गउ', 'कहिज्जइ' ये शब्द बतलाते हैं कि अपभ्रंशका स्थान हिन्दीके पास होना चाहिए या संस्कृत-पाली-प्राकृतके पास। वस्तुतः संस्कृतसे पाली और प्राकृत तक भाषा-विकास क्रमिक या अविच्छिन्न-प्रवाह-युक्त हुआ, मगर आगे वह क्रमिक विकास नहीं, बल्कि विच्छिन्न-प्रवाह-युक्त विकास—जाति-परिवर्त्तन—हो गया। आज अपभ्रंशकी यह अवस्था है कि संस्कृत-प्राकृत-पाली जाननेवाले मद्रास, सिहल, और कर्नाटकके पंडित इस जाति-परिवर्त्तनके कारण अपभ्रंशसे बात तक नही करना चाहते। यह ठीक भी है, क्योंकि उन्हें इसके लिए हिन्दीकी विभक्तियोंको सीखना पड़ेगा। वहाँ संस्कृत-ज्ञानके बल पर काम नही चलेगा। लेकिन दूसरी तरफ हिन्दी-भाषियोंका अपभ्रंशके प्रति क्या कर्त्तव्य है, इसे आप अपने दिलसे पूछ सकते हैं। "जिसके लिये किया वही कहे चोर" वाली कहावत है, बेचारी अपभ्रंश हमारे लिए मारी गई।

मगर तर्क कर देनेसे काम नहीं चलेगा, आखिर पढ़ने-समझनेमे आपकी दिक्कतका ख्याल करना ही होगा। लेकिन दिक्कत है सिर्फ तद्भव और तत्समके झगड़े की। संस्कृत (छान्दस्)की औरस पुत्री पालीने तत्सम (शुद्ध संस्कृत)

हमारा यह अभिप्राय हरगिज़ नही है, कि यह पुरानी भाषा मराठी आदिकी अपनी साहित्यिक भाषा नहीं है। उन्हें भी उसे अपना कहनेका उतना ही अधिकार है, जितना हिन्दी-भाषा-भाषियोंको। वस्तुतः ये सारी आधुनिक भाषायें बारहवी-तेरहवीं शताब्दीमें अपभ्रंशसे अलग होती दीख पड़ती हैं। जिस समय (आठवीं सदीमें) अपभ्रंशका साहित्य पहले-पहल तैयार होने लगा था, उस वक़्त बँगला आदि उससे अलग अस्तित्व नहीं रखती थीं। उनके आजके क्षेत्रमें शायद मराठी और उड़ियाकी भूमिमें आखिरी लड़ाई खतम हो चुकी थी, और यह दोनों भाषायें अपने यहाँ पहलेसे चली आई किसी द्राविड़ी भाषाकी चिता शान्त करनेमें लगी थी। गुजरातने तो हमें कई कवि दिये हैं, उनकी कविताओंका आस्वादन आप इस संग्रहमें करेंगे। वस्तुतः, यह सिद्ध-सामंत-युगीन कवियोंकी उपरोक्त सारी भाषाओंकी सम्मिलित निधि है।

सम्मिलित निधि है, अर्थात् बारहवी-तेरहवीं शताब्दी तक द्राविड़-भाषा-भाषी आन्ध्र, तमिल, केरल और कर्णाटकको छोड़कर भारतके सभी प्रान्तोंकी एक सम्मिलित भाषा भी थी। यहाँ कोई-कोई अखण्ड हिन्दी-वादी या एक भाषा-वादी पाठक कह उठेगे—तब तो अब भी क्यों न अ-द्राविड़ीय प्रान्तोंकी एक भाषा कर दी जाये। लेकिन, यह करना वैसा ही होगा, जैसे वयस्क स्वतन्त्र पोते-पोतियों-को फिर दादीके गर्भमें पहुँचानेकी कोशिश करना। गुजरात यद्यपि तेरहवीं शताब्दी तक आजके हिन्दी-क्षेत्रका अभिन्न अंग रहा है, आज भी होली-दिवाली, नाच-गाने और दूसरी सैकड़ों बातोंमें गुजरात हिन्दी-भाषा-भाषी प्रान्तोंसे एकता रखता है, लेकिन आज उसके साहित्य और कितनी ही दूसरी सांस्कृतिक बातोंने गुजरातको एक स्वतन्त्र राष्ट्रका रूप दिया है, फिर हम क्या उससे वैसी अखंडता-की माँग कर सकते हैं।

अपभ्रंशके कवियोंको विस्मरण करना हमारे लिये हानिकी वस्तु है। यही कवि हिन्दी-काव्य-धाराके प्रथम स्रष्टा थे। वे अश्वघोष, भास, कालिदास और वाणकी सिर्फ जूठी पत्तलें नहीं चाटते रहे, बल्कि उन्होंने एक योग्य पुत्र-की तरह हमारे काव्य-क्षेत्रमें नया सृजन किया है; नये चमत्कार, नये भाव पैदा किये, यह स्वयंभू आदिकी कविताओंसे अच्छी तरहसे मालूम हो जायेगा।

नये-नये छन्दोंकी सृष्टि करना तो इनका अद्‌भुत कृतित्व है। दोहा, सोरठा, चौपाई, छप्पय आदि कई सौ ऐसे नये-नये छन्दोंकी उन्होंने सृष्टि की, जिन्हे हिन्दी कवियोंने बराबर अपनाया है, यद्यपि सबको नहीं। हमारे विद्यापति, कबीर, सूर, जायसी और तुलसीके ये ही उज्जीवक और प्रथम प्रेरक रहे हैं। उन्हें छोड़ देनेसे बीचके कालमे हमारी बहुत हानि हुई और आज भी उसकी संभावना है।

हमारे मध्यकालीन कवियोंने अपभ्रंशके कवियोंको भुला दिया और वह प्रेरणा लेने लगे सिर्फ़ संस्कृतके कवियोंसे। स्वयंभू आदि कवि अपनी पाँच शताब्दियोंमें सिर्फ़ घास नही छीलते रहे, उन्होंने काव्य-निधिको और समृद्ध, भाषाको और परिपुष्ट करनेका जो महान् काम किया है, हमारे साहित्यको उनकी जो ऐतिहासिक देन है, उसे भुला कर, कड़ीको छोड़कर सीधे संस्कृतके कवियोंसे सम्बन्ध स्थापित करना हमारे साहित्य और हिन्दी-भाषा दोनोंके लिए हानिकर सिद्ध हुआ है। हम संस्कृत कवियोंसे सम्बन्ध जोड़नेके विरोधी नहीं हैं, लेकिन हमें इस बीचकी कड़ी—जो हमारी अपनी ही कड़ी है—को लेते संस्कृतके प्राचीन क़वियोंके साथ सम्बन्ध जोड़ना होगा; तभी हम ऐतिहासिक विकाससे पूरा लाभ उठा सकेंगे।

२. आर्थिक और सामाजिक अवस्था

१—सम्पत्ति और उसके भोक्ता

सिद्ध-सामन्त-युगकी कविताओंकी सृष्टि आकाशमें नहीं हुई। वे हमारे देशकी ठोस धरतीकी उपज हैं। कवियोंने जो ख़ास-ख़ास शैली-भावको लेकर कवितायें कीं, वह देशकी तत्कालीन परिस्थितिके कारण ही। यह बात तब तक साफ़ नहीं होगी, जब तक तत्कालीन भारतकी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक अवस्थाओंकी पृष्ठ-भूमिमें हम उसे नहीं देखते। पहले हम उस काल—अथवा आठवीसे बारहवीं सदीकी पाँच सदियों—की आर्थिक अवस्थापर विचार करते है। उस समय भारत बहुत सम्पन्न था। अकेला रोम अपने यहाँसे हर साल ढाई लाख तोला सोना या साढ़े पाँच लाख सेस्तर्स

(पौने दो करोड़ रुपये) कपड़े और दूसरी चीज़ोंको ख़रीदनेके लिए भारत भेजा करता था। प्लीनी (२३-७९ ई०) ने बड़े क्षोभसे लिखा था—"हमें अपनी विलासिता और अपनी स्त्रियोंके लिए कितनी क़ीमत चुकानी पड़ती है।" उन्नीसवी सदीके आरम्भके अंग्रेज़ भी प्लीनीकी तरह भारतीय कपड़ों और मसालोंके लिए देशसे धन खिंचते देख चिन्तित थे; यद्यपि वह दूसरी ओर भारतको दूह भी रहे थे। भारत उन पाँच शताब्दियोंमें शिल्प-व्यवसाय और वाणिज्यमें दुनियाका सबसे समृद्ध देश था। अरब, पश्चिमी-एशिया, उत्तरी अफ़रीका और यूरोपसे अपार धन-राशि खिच-खिचकर हमारे देशमें चली आ रही थी। शिल्प और व्यापार ही नही, कृषि भी उन पाँच शताब्दियोंमें हमारे देशमें बहुत उन्नत-अवस्थामें थी। नदियों और जलाशयों द्वारा सिंचाईके प्रबन्धकी प्रथम ज़िम्मेदारी राज्यके ऊपर थी, इसे पाश्चात्य लेखकोंने भी माना है। इसका यह मतलब नहीं कि हमारी कृषि साइन्स-युगकी कृषिके समान उन्नत थी। उस वक़्त दुनियाको आधुनिक भौतिक साइन्सका पता ही नही था और जो कुछ कृषि-विज्ञान सभ्य-संसारको ज्ञात था, भारत भी उसमे किसीसे पीछे नहीं था।

उस समयकी भारतीय समृद्धिकी बात सुनकर आप शायद सतयुगका ख़्वाब देखने लगेंगे, और कह उठेंगे—"वह वस्तुतः राम-राज्य था।" लेकिन यह कहना बहुत ग़लत होगा। चीन, जावा, अफ़्रिका, यूरोपसे जो माया भारतमें आ रही थी उसको भोगनेवाली सारी भारतीय जनता नही थी। कौन भोगनेवाले थे, आइये इसे देखें।

(१) **राजा-सामन्त**—इस सम्पत्तिके सबसे अधिक भागको सामन्त-राजा अपनी मौज और आरामके लिए कितना ख़र्च किया करते थे, इसकी वहाँ कोई सीमा नही थी। आजकी कितनी ही देशी रियासतोंकी तरह सारा राजकोष ही उनका वैयक्तिक कोष नही था, बल्कि व्यापारियों और सेठोंके ख़ज़ानोंमें भी जो कुछ था, उसे ख़र्च कर डालनेमें उनका हाथ पकड़नेवाला कोई नहीं था। जिन्होंने हालके वाजिदअली शाह तथा दूसरे विलासी शासकोंके भोग-विलासके बारेमें पढ़ा है, वह आसानीसे समझ सकते है कि उस कालके क़न्नौज, मान्य-

खेट और पटनाके राजमहलोंमें विलासी भोजन, शौक़ीनीके वस्त्र, सुगंधित द्रव्य-पर कितना ख़र्च होता रहा होगा। प्रजाकी मेहनतकी कमाईसे उपार्जित यह महार्घ वस्तुएं चार-पाँच दिनमें ही खतम हो जानेवाली थी। इनके अतिरिक्त भी सामन्तोंके भारी ख़र्च थे।—नये-नये महल, क्रीड़ा-उपवन, सिंहासन, राज-पलंग, मोरछल, चमर और लाखोंके हीरा-मोती-महार्घ-रत्नोंके आभूषण, राज-महलोंकी सजावट, चित्र-कला, क्रीड़ामृग, सोनेके पीजड़ोंमें बन्द शुक-सारिका, लोहेके पींजड़ोंमे बन्द केसरी। दूर-दूर देशोंसे लाई कितनी ही दुर्लभ महार्घ-वस्तुओंके संचयमे भी देशकी सम्पत्तिका भारी भाग ख़र्च होता था।

फिर सामन्त या राजा अकेले ही उस सम्पत्तिको स्वाहा नही करते थे। उस समयके राजाओंके आदर्श थे—कृष्ण और दशरथ तथा उनकी सोलह-सोलह हज़ार रानियाँ। ये रानियाँ मोटा-झोंटा कपड़ा पहन, रूखा-सूखा खाकर दिन काटनेके लिए रनिवासमें नही रखी जाती थीं। इन हज़ारों रानियों और उसीके अनुसार उनके पुत्रों-पुत्रियों, बहुओं-दामादोंका ख़र्च भी देशकी उसी सम्पत्तिके मत्थे था। राजवंशके अतिरिक्त कितने ही राज-च्युत भगोड़े राजवंशी भी प्रजाकी गाढ़ी कमाईमें आग लगानेके अधिकारी थे। उस वक़्त राजवंशोंका उच्छेद अक्सर होता रहता था, फिर वे अपने सम्बन्धियोंके पास क़न्नौजसे सिहल तकका चक्कर काटते रहते थे।

इनके अतिरिक्त राज-दरबारोंमें कलाकार, कवि, संगीतज्ञ, चित्रकार, मूर्त्तिकार ही नही, बहुत काफ़ी संख्या विदूषकों, चापलूसों, मसखरों आदिकी भी होती थी।

इन अमीरोंकी सेवाका काम सिर्फ़ वेतन-भोगी चाकर-चाकरानियोंसे नहीं चलता था, उनकी सेवाके लिए काफ़ी संख्या दास-दासियोंकी होती थी। इसके बाद शिकार या किसी दूसरे मनोविनोदके लिए जिधर भी उनकी सवारी जाती, उधरके किसान, कमकर और कारीगर अपने धन-उत्पादनके कामको छोड़ बेगारमें पकड़े जानेके लिए मजबूर होते।

(२) **पुरोहित, महंथ**—राजा अपने और अपने लग्गू-भग्गुओंपर कितनी सम्पत्ति स्वाहा करते थे, इसका थोड़ा-सा अन्दाज़ा ऊपरके वर्णनसे लग गया

होगा। लेकिन समृद्ध भारतकी सम्पत्तिके अपव्ययका लेखा इतने हीसे समाप्त नही होता। पुरोहित और महंथ लोगोंका भी खर्च राजसी ठाटके साथ होता था। उनके पास भी महल, दास, कमकर थे और उसीके अनुकूल उनका खर्च भी था। उस समय धार्मिक मठों और मन्दिरोंमें देशकी सम्पत्तिको खर्च करनेमें बहुत उदारता दिखलाई जाती थी।

सातवीं सदीमें नालन्दाके ताराके सोना, रतन, जवाहिरसे भरे जिस मदिरका ज़िक्र विदेशी तीर्थ-यात्रियोंने किया है, उसमें बारहवीं सदीके अंत तक बराबर वृद्धि ही होती गई और मुहम्मद बिन-बख्तियारको जितना धन वहाँसे मिला उतना किसी राजमहलसे भी नही मिला होगा। राजवंशोंका हर सौ-दो सौ सालमें उच्छेद भी हो जाया करता था, लेकिन ये मंदिर तो चिरकाल तक सुरक्षित निधि बने रहते थे। महमूद राजपूतानेके रेगिस्तानोंकी खाक छानते सोमनाथमें पत्थर तोड़ने नहीं गया था। यह निश्चित है कि देशकी सम्पत्तिका काफ़ी भाग ब्राह्मण, जैन, बौद्ध मठों-मन्दिरोंमें जाता था।

(३) **सेठ**—इसके बाद देशकी सम्पत्तिके भारी हिस्सेके मालिक थे, वह श्रेष्ठी-सार्थवाह (कारवाँ-अध्यक्ष) जिनकी कोठियोंका जाल देशके भीतर ही नहीं, विदेशों तकमें बिछा हुआ था, और जिनके जहाज़ उस समयकी सभ्य दुनियामें सभी जगह पहुँचते थे। इन महासेठों, नगरसेठोंके पास कितनी सम्पत्ति थी, इसका कुछ अनुमान देलवाड़ा (आबू)के संगमर्मरके मन्दिर और उसके बहुमूल्य शिल्पकार्यको देखकर आप आसानीसे लगा सकते है।

वस्तुतः तत्कालीन भारतकी अपार सम्पत्तिके मुख्य भोगनेवाले थे, यही सामन्त, पुरोहित और सेठ तथा उनके दरबारी-खुशामदी।

(४) **युद्धका अपव्यय**—अमीर लोग, संगीत साहित्य काम-कलापर ही देशकी सम्पत्तिको स्वाहा नही करते थे, बल्कि उनकी फ़ज़ूलखर्चीका एक और भी बहुत भारी क्षेत्र था, वह था युद्ध, दिग्विजय। किसी सामन्त (राजा)के लिए बड़े शर्मकी बात होती यदि वह छोटा-मोटा दिग्विजय न करता या कमसे कम किसी पड़ोसी राजाकी कुमारीको न पकड़ लाता। यह सामन्तयुगके यौवनका समय था। सामन्तों और उनके योद्धाओंके हाथोंमें लड़नेके लिए खुजली

पैदा होती रहती थी। उस समयका सामन्त मृत्युकी बिल्कुल ही पर्वाह नहीं करता था। उसकी सारी शिक्षा-दीक्षा उसे यही सिखलाती थी कि मौतसे डरना—कायरता—उसके लिए चिल्लू भर पानीमें डूब मरनेकी चीज़ है। आज जिस महायुद्धसे हम गुज़र रहे हैं, उसने हमें साफ़ दिखला दिया है कि युद्धमें कितना अधिक अपव्यय होता है—आदमीकी गाढ़ी कमाईमे कितनी बेदर्दीसे और कितने भारी परिमाणमें आग लगाई जाती है। सत्तर सैकड़ा किसान, कम्मी, कारीगर जनताके श्रमसे उपार्जित धनका बहुत भारी ध्वंस ये सामन्त अपने दिग्विजयों और आये दिनकी आपसी लड़ाइयोंमें किया करते थे।

साधारण जनता—लेकिन सम्पत्ति पैदा कौन करता था? ये तीनों नही, बल्कि वह थे, किसान, कमकर और कारीगर। मिट्टीका सोना बनाना उन्हींके श्रमका चमत्कार था। चाहे सुनहले गेहूँ और सुगंधित वासमतीको लीजिए, चाहे कमखाब और दुकूलको, अथवा गोलकुण्डासे निकलनेवाले कोहनूरको; ये सभी चीज़ें किसानों, कमकरों और कारीगरोंके शारीरिक खूनको सुखानेसे पैदा होती थीं। जिस तरह आजके राजाओं, नवाबों और करोड़पति सेठोंके वैभवको देखकर सारा देश सुखी और समृद्ध नही कहा जा सकता, उसी तरह उस समयके राजा-पुरोहित-सेठ-वर्गके हृदयहीन अपव्ययके कारण सारे भारतको सुखी नही कहा जा सकता। उस समय शायद सारी जनताका दस सैकड़ेसे अधिक भाग नही रहा होगा, जिसके जीवनको मौज-मस्ती और आरामका जीवन कहा जा सकता।

(१) **दास-दासी**—फिर वह भारत दासप्रथाका भारत था। यदि दस सैकड़ा मौजवाले लोगोंके लिए व्यक्ति पीछे दो-दो दास-दासी रखे जाते थे, तो भारतकी कुल जन-संख्याका बीस सैकड़ा या हर पाँच आदमीमें एक आदमी दास था। दास आदमी नहीं थे, यद्यपि उनकी शकल-सूरत आदमीकी तरह होती थी। वह ढोरोंकी तरह अपने मालिककी जंगम सम्पत्ति थे, जिन्हें मालिक जब चाहें बेंच-खरीद सकते थे। उनका जीवन बिल्कुल अपने मालिककी दयापर निर्भर था। अभी अंग्रेज़ोंके राज्य स्थापित हो जानेपर अठारहवीं सदीके बाद तक यह दास-प्रथा भारतमें बनी रही थी। अभी भी दरभंगा ज़िलेमें दासोंकी

बिक्रीके कितने ही ताल-पत्र आप देख सकते हैं। और नैपालके स्वतंत्र "हिन्दू-राज्य"में तो १९२५ ई० तक बाक़ायदा दास-प्रथा जारी रही। यह ठीक है, दास-प्रथाके लिए हम सिर्फ़ भारत हीको दोषी नहीं ठहरा सकते, उस समय दुनियाके सभी मुल्कोंमें दास-प्रथा मौजूद थी और बाज़ारोंमें गोरे, भूरे, काले सभी रंगोंके ये मानव-पशु मिलते थे।

(२) **किसान, कम्मी, कारीगर**—जनताके बीस सैकड़े भारतीय दास तत्कालीन भारतीय समृद्धिके भोगनेके अधिकारी नहीं थे। बाक़ी सत्तर सैकड़े लोग किसान, कम्मी (अर्द्धदास) और कारीगर थे।—दस सैकड़ा कम्मी, पचास सैकड़ा किसान और दस सैकड़ा कारीगर मौजकी ज़िन्दगी नहीं बिता रहे थे। स्वयंभू और पुष्पदन्तके खेत अगोरनेवालियोंके मोटे गन्ने और द्राक्षा-लताओंको देखकर आप यह समझनेकी ग़लती न करें, कि वह उन्ही अगोरनेवालियोंके उपभोगके लिए थे। वहाँ सारा शिल्प, सारा व्यवसाय, सारी कृषि मुट्ठीभर आदमियोंके भोगके लिए होती थी। दूसरोंको तो मुश्किलसे सिर्फ़ जीने और ब्याने भरका अधिकार था।

(क) **जनताका आत्म-सम्मान**—बीस सैकड़ा दासोंपर तो, नर-पशु होनेकी वजहसे विचार करनेकी ज़रूरत ही नहीं, लेकिन सत्तर सैकड़ा किसान-कम्मी-कारीगरकी अवस्था ? आत्म-सम्मान ? ऊपरी वर्गके सामने बिल्कुल शून्य "परम भट्टारक परमेश्वर महाराजाधिराज"के सामने सम्मान-प्रदर्शन करनेके लिए जब दूसरे राजाओं और सामन्तोंको अपने मुकुट उनके चरणोंपर रखने पड़ते थे, तो साधारण जनताको किस तरह जुहार करनी पड़ती होगी, इसे आप ख़ुद समझ सकते हैं। और दूसरी बेबसियाँ ? सत्तर सैकड़ा जनताको शरीरसे मज़बूत अपने तरुण पुत्रोंको सामन्तोंके युद्धके लिए भेंट करना पड़ता था—हाँ, यदि उनकी जाति छोटी नहीं समझी जाती हो, छोटी जातिके तरुणको बड़ी जातिके साथ एक पंक्तिमें लड़कर मरनेका भी अधिकार नहीं था। सत्तर सैकड़ा जनताको अपनी सुन्दर लड़कियोंको वैध या अवैध रूपसे रनिवासमें भेजनेके लिए भी तैयार रहना पड़ता था। कितनी ही जगह तो नव-विवाहिताकी प्रथम रात भी सामन्तके लिए रिज़र्व थी, चाहे वह हाथसे छूकर ही छुट्टी

दे दे। उस वक़्त साधारण जनताके आत्म-सम्मानकी बात करना ही फ़ज़ूल है।

(ख) **अकाल आदिमें यातना**—उस वक़्त इस आर्थिक हीनताके साथ कुछ सुभीते ज़रूर थे। उस समय भारतकी आबादी आजसे चौथाई या (दस करोड़) से कम ही रही होगी, जिसका मतलब है—लोगोंके पास अधिक खेत, खेत बनानेके लिए अधिक जंगल, जंगलोंमें ज़रूरतके लिए अधिक शिकार। उस समय जैनोंके तीर्थंकरों और देवताओंको छोड़ बाक़ी सभी देवी-देवता—ब्राह्मण बौद्ध दोनों—घास-खोर नहीं थे। यह भी अच्छा था कि अमीरोंकी शौक़ीनीकी प्रायः सारी चीज़ें देशके भीतर तैयार होती थीं। सम्भव है कुछ रेशम और बारीक दुशाले या क़ालीन बाहरसे आते हों। अतएव इनके लिए देशका धन बाहर नहीं जाता था। लेकिन इतना होने पर भी अकाल, बाढ़, युद्ध और महामारीमें साधारण जनताको कीड़े-मकोड़ेकी तरह मरनेसे बचाया नहीं जा सकता था। फ़सल अच्छी हुई, शिल्पकी वस्तुओंकी माँग रही, तो सत्तर सैकड़ा जनताकी साल-की ख़र्ची ठीकसे चलती रही। उस वक़्तके साधारण किसानोंसे आशा नहीं रखी जा सकती थी कि वे पचासों वैध-अवैध करों, राजकर्मचारियों, पुरोहितों और महाजनोंकी लूट-खसोटके बाद भी एक सालकी उपजको दो साल तक चला लेंगे। जब तक साल दो साल आगे तकके खानेका सामान घरमें नहीं है, तब तक किसान, कम्मी, कारीगर अकाल आदिके चंगुलमें पड़कर बुरी मौत मरनेसे कैसे बचाए जा सकते? जहाँगीरके वक़्त (१६३० ई०) सत्तासिया अकालने दक्षिणी भारत और गुजरातमें क्या ग़ज़ब ढाया, लोगोंपर क्या-क्या बीती, यह समय सुन्दर कविके आँख देखे वर्णनसे मालूम होगा। इस अकालमें मनुष्यकी साधारण मानवता ही नहीं खो गई थी, बल्कि आदमी माँ, बहिन, बेटी, भाई, बाप सबके सम्बन्धको सबके सम्मानको ताक़में रखकर केवल अपने शरीरको बचानेकी कोशिश करता था। मरते इतने थे कि मुर्दोंका हटाना मुश्किल था। १९४२में बरमासे मणिपुरके रास्ते जो भारतीय भाग कर आए, उनकी अवस्थाको हमारे एक मित्रकी भ्रातृ-वधू बतला रही थी—"चलनेमें असमर्थ या बीमार पड़ जानेपर लोग अपने भाइयों और पुत्रोंको भी वहीं जंगलमें छोड़-कर चल देते थे, हाँ उनके पास एक अच्छी दलील थी—यहाँ रहकर ख़ुद भी

मर जानेके सिवा हम अपने बंधुकी कोई सहायता नहीं कर सकते। भूखे-प्यासे अपने शरीरको ले चलनेमें असमर्थ लोग अपने दुध-मुँहे बच्चोंको रास्तेके जंगली पेड़ोंपर टाँगकर चल देते थे। ऐसे बच्चे एक दो नही, सैकड़ों हमने अपनी आँखों देखे।" उस पुरातन कालके युद्धोंमे भी जब भगदड़ होती होगी, तो लोगों-की अवस्था इससे बेहतर नही रहती होगी। सत्तर फ़ीसदी जनताकी आर्थिक-अवस्था निश्चय ही इतनी हीन थी, कि किसी अकाल, बाढ़ या दूसरी आफ़त आने पर लाखोंकी संख्यामे मरनेके सिवा उनके लिए कोई चारा नही था।

हमने उस समयके बहुसंख्यक समाजका यहाँ अतिरंजित चित्र नही खीचा है, वस्तुतः उस समयके जीवनकी जो आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक सामग्री जहाँ-तहाँ बिखरी हुई हमें प्राप्त है, उससे हम यह छोड़ दूसरे निष्कर्षपर नहीं पहुँच सकते।

(३) **कवि जनताकी यातनापर चुप क्यों ?**—हमारे इन कवियोंके सामने वे पशु-तुल्य दास-दासी और उनके ऊपर होते पाशविक अत्याचार मौजूद थे। पद-पदपर अपमानित, त्रस्त, पीड़ित, किसान, कम्मी, कारीगर जनता भी उनके सामने मौजूद थी। अकाल महामारी, युद्ध और बाढ़की दारुण-यातना हृदय-द्रावक दृश्य भी उन्होंने आँखोंसे देखे होंगे, फिर भी इन कवियोंकी कृतियोंमे उनके बारेमें इतनी चुप्पी क्यों ? सोचे होंगे, अकाल, बाढ़, युद्ध, महामारी सब भगवान्‌के भेजे हुए हैं—लोगोंके पुर्विले कर्मका यह फल है; इसलिए क्रौंच-मिथुन-मेसे एकके वधसे तड़प उठनेवाली कविकी आत्माको उधर ध्यान देनेकी ज़रूरत नही। शायद ऐसा सोचकर इन कवियोंके बारेमें आप कोई कठोर निर्णय सुनाने लगें; लेकिन यह उचित नही होगा। जिस परिस्थितिके कारण कवियोंको यह मौन धारण करना पड़ा, उस परिस्थितिपर भी आपको ध्यान देना होगा। यदि कमाऊ जनताकी सारी यातनाओंके असली कारणको वह चाहे न भी बतलाते और सिर्फ़ लोगोंकी इन यातनाओंका नग्न चित्र खींच देते तो उससे रेशम और रतनसे ढँका अमीरोंका भोगमय-जीवन नग्न हो उठता; दोनों-की तुलना होने लगती और फिर जनताके कितने ही लोग वैसे समाजसे क्षुब्ध हो उठते; जिसका परिणाम अवश्य अमीरोंके लिए अच्छा नहीं होता। इसलिए

आपको समझना होगा कि क्रौंच-मिथुनमेंसे एकके वधके लिए कविका आँसू बहाना जितना आसान था, उतना उस कालके बहुसंख्यक समाजकी विपदाओंका वर्णन करना आसान नही था। यदि कोई आदमी तत्कालीन भोगी समाजके विरुद्ध लिखनेके लिए अपनी कवि-प्रतिभाका कुछ भी दुरुपयोग करता, तो वह केवल पुरोहितोंके धर्म-दण्डका ही भागी नहीं होता, बल्कि उसके सरपर पड़ता क्रूर राज-दण्ड—छिपकर हत्या, भयंकर शारीरिक यातना, सीधे शूली, देश और समाजसे निष्कासन और अपमान। इन दण्डोंको सामने रखकर जब आप इन कवियोंकी चुप्पीको देखेंगे, तो मालूम होगा कि उनके वैसा करनेके लिए प्रबल कारण मौजूद थे। उस वक़्त अखबार नहीं थे और न देश-देशान्तरोंके उदार-मना पुरुषोंमें सहानुभूति पैदा करनेका वैसा कोई साधन था कि गोर्कीके कठोर दंडके लिए सारी दुनियामे तहलका मचने लगता। यही नही, कवियोंने अपनी काव्य-प्रतिभाकी जो करामात दिखलाई है, उसका बचा-खुचा अंश भी शायद राजा-पुरोहित-सेठकी कोपाग्निसे न बच पाता। कवि अपने स्थूल शरीर और कीर्त्ति-शरीर दोनों हीसे नष्ट होनेका भय सोच यदि मौन रहा, तो उसके विरुद्ध किसी कठोर फ़ैसलेके देनेका हमे अधिकार नही है।

३. राजनीतिक अवस्था

हर देशकी राजनीतिक अवस्था उसकी आर्थिक अवस्थाके अनुसार ही होती है; बल्कि राजनीति कहते ही है आर्थिक ढाँचे—आर्थिक स्वार्थोंकी रक्षाके लिए तैयार किये गये फ़ौलादी शिकंजे—को। उन पाँच शताब्दियोंमें साधारण जनताकी आर्थिक अवस्था कैसी थी, उसके ऊपर कितने अत्याचार और उत्पीड़न होते थे, इसे हम बतला आए है। हम देख चुके है कि जनता किस तरहसे मूक और निरीह बनी हुई थी। राजा सर्वशक्तिमान "परमेश्वर" बन गया था और उसकी निरंकुशताके रोकनेका कोई उपाय बहुसंख्यक जनताके पास नही था। लेकिन भारतीय जनता सदासे ही ऐसी नही थी। बुद्ध के समय (ई० पू० पाँचवी सदी-में) भारतके कितने ही भू-भागोंपर लिच्छिवियोंकी तरहके शक्तिशाली प्रजा-तंत्र थे। यूनानियों और शकोंके कालमें भी यौधेयों जैसे प्रजातंत्रोंने अपने

अस्तित्वको ही नहीं बनाये रखा, बल्कि विदेशियोंके शासनको नष्टकर देनेमें इन्हीं का सबसे पहिला और सबसे अधिक हाथ था। चौथी शताब्दीके अंतमें गुप्तोंकी विजय तो एक तरहसे खून लगाकर शहीद बननी थी। इन प्रजातंत्रोंमें जन-स्वतंत्रता थी, हाँ उतनी ही जितनी धनी-गरीब वर्गवाले समाजमें संभव हो सकती है। इन गणों (प्रजातंत्रों)की जन-स्वतंत्रताको देखकर राजाओंको भी अपने राज्यमे "सर्वशक्तिमान् परमेश्वर" बननेकी हिम्मत नही होती थी। ४०० ई०के आस-पास चंद्रगुप्त विक्रमादित्यने यौधेय-गणके उच्छेदके साथ भारतसे चिरकालके लिए जन-तंत्रताका उच्छेद कर दिया। इसमे शक नही कि गणोंके विनाशमे उनके भीतरकी आर्थिक विषमता, अल्पशक्ति भी कारण थी। तो भी जनताके इस स्वतंत्र शासनके उच्छेद करनेवाले चंद्रगुप्त विक्रमादित्यको क्षमा नही किया जा सकता। इस उच्छेदने भारतपर क्या प्रभाव डाला यह इसीसे समझमें आ सकता है, कि वर्त्तमान शताब्दीके आरम्भमें जब इतिहासवेत्ताओं और पुरातत्त्वज्ञोंने भारतके पुराने प्रजातंत्रोंके संबंधमें साहित्यिक और मुद्रा-संबंधी प्रमाण ढूँढ़ निकाले; तो उसकी ओर एक बार हमारे शिक्षित भी आँख मलकर आश्चर्यसे देखने लगे। उनको विश्वास नही होता था। कहाँ भारत और फिर वहाँ एथेन्स जैसा प्रजातंत्र--यह हो ही नही सकता। यदि बौद्धोंके कुछ पुराने ग्रन्थों तक ही प्रमाण सीमित होते, तो शायद उनको क्षेपक और बाहरी प्रभाव कहकर टाल दिया जाता, मगर ईसाके पहिलेकी शताब्दियों-से लेकर ईसवी चौथी सदी तकके ठोस सिक्कोंसे कैसे इनकार कर दिया जाये ? तो भी यह ध्यान रखनेकी बात है कि इन प्रजातंत्रोंके प्रति सारे पुराण-कारों, धर्मशास्त्ररचयिताओं और पीछेके कवियोंकी चुप्पी खास कारणोंसे थी। वह अपने प्रयत्नमें कितने सफल हुए, यह तो प्रजातंत्रोंके बारेमे सदाके लिए हमारा अनभिज्ञ बन जाना ही साबित करता है। पिछली शताब्दियोंकी बात छोड़िये, आज भी जब कि हमारे शिक्षित जनतंत्रताका नाम लेकर विदेशी शासनके हटानेकी बात कर रहे हैं; तब भी किसी लिच्छवि या यौधेय प्रजातंत्रके स्मरण-महोत्सव या कीर्त्ति-स्तंभकी बात नही की जाती। यदि क्रियात्मक प्रस्ताव आता है, तो सर्वगण-उच्छेत्ता चंद्रगुप्त विक्रमादित्यके लिए कीर्त्ति-स्तंभ स्थापित

करनेका। हम समझते है, यह प्रयत्न किसी भोलेपनके कारण नहीं है, बल्कि उसके भीतर बहुत गूढ़ अर्थ छिपा हुआ है।

हमारे कुछ भाई कह उठेंगे, कि भारतकी जनतंत्रता कभी खतम नहीं हुई। वह तो गाँवोंकी पंचायतोंके रूपमें मौजूद रही और इन पंचायतोंको अंग्रेज़ी शासनने नष्ट किया। लेकिन विक्रमादित्योंने हमारे गावोंकी जनतंत्रताको जनताकी आज़ादीके लिए नही छोड़ा था। वह जानते थे कि सात लाख गाँव, एक दूसरेसे असंबद्ध सर्वथा स्वतंत्र प्रजातंत्र, किसी निरंकुश शक्तिका मुक़ाबिला नही कर सकते। इसीलिए उन्होंने रस्सीके रेशोंको बिखेर दिया, धाराको बूँदोंमें बाँट दिया और इस प्रकार ये ग्राम-प्रजातंत्र निरंकुश शासकोंके बड़े कामकी चीज़ बन गए। जनताकी इस बिखरी शक्तिकी बेबसीने सदियोंके कड़ुवे तजर्बेके बाद तुलसीदाससे कहलवाया "कोउ नृप होइ हमैं का हानी। चेरी छाँड़ि ना होउब रानी।"

अब राजा "परम स्वतंत्र न सिर पर कोऊ" बन गए। उनके ऊपर असली अन्नदाताओंका कोई अंकुश न रहा। उनकी निरंकुशतापर यदि कभी कोई दबाव पड़ता था, तो सामन्तोंकी सदा बनी रहती आपसी खटपट का। सरहपा जिस वक़्त अपने दोहोंको बना रहा था, उसीके आस-पास बिहारमे वह आखिरी घटना घटी, जिसमे प्रजाने एक गुमनाम-वंशके बहादुर व्यक्ति गोपालको अपना शासक चुना। इसके बाद फिर भारतीय इतिहासमें ऐसी कोई घटना देखनेमें नहीं आती। हाँ, तो सामन्तोंके ऊपर एक अंकुश आपसी खटपट थी और दूसरा था बाहरी आक्रमण। हमारे इस कालके आरंभ हीमें अरब, सिंध (७१२ ई०) और मुल्तान (७१३)पर अधिकार जमा लेते है और वह भू-भाग हिन्दुस्तानसे बिल्कुल अलग कर लिया जाता है। पीछे ग्यारहवी सदीके आरंभके साथ ही महमूद ग़ज़नवी (९९७-१०३० ई०)के हमले होने लगते है। शायद इन अरब और तुर्क हमलोंने भारतीय नरेन्द्रोंको संयमका कुछ पाठ ज़रूर पढाया होगा। धर्मको भी राजाओंपर भारी अंकुश बतलाया जाता है; लेकिन राजाओंके टुकड़खोर पुरोहित और महंथ उनपर कितना अंकुश रख सकते हैं, यह आसानीसे समझा जा सकता है; खासकर जब कि उनके पीछे साधारण जनता जैसी कोई

शक्ति सहायता देनेके लिए मौजूद नहीं हो। जन-शक्तिको तो बल्कि पूरी तरह कुचलनेमें राजाके बाद पुरोहितों और महंथोंका ही सबसे अधिक हाथ रहा है। उन्होंने भगवान् और ऋषियों-मुनियोंके नामपर धर्मकी नयी व्यवस्थाएँ गढ़कर जन-शक्ति और जन-चेतनाको बिल्कुल ख़तम कर दिया। अब उनका राजा पृथ्वीपर विष्णुका अंश था और सारे विलास तथा उत्पीड़न पहले जन्मके कर्मके सुफल थे। धर्माचार्य यदि कुछ अंकुश रख सकते थे, तो शायद भक्ष्या-भक्ष्यपर।

बाहरका ख़तरा दिखलाई देनेपर ज़रूर देशके हर्त्ता-कर्त्ता लोग कुछ करनेके लिए मजबूर होते थे, लेकिन छठी सदीमें हूणोंको परास्तकर भारत कुछ दिनोंके लिए निश्चिन्त हो गया था। ७१२ ई०में अरबोंकी सिन्ध-विजयने फिर ख़तरेकी घंटी बजाई। इसके लिए ज़रूरी था, कि देशका अधिकसे अधिक भाग एक शासन-सूत्रमें आ अपनी सैनिक-शक्तिको ख़ूब मज़बूत करे। इसके लिए आठवीं सदीसे लेकर अगली सदियोंमें जो प्रयत्न हुए, वह हमारे सामने कन्नौज, मान्यखेट और कभी-कभी पालोंकी प्रभुता या चक्रवर्त्तीत्वके रूपमें आये।

(१) **कन्नौज**—कन्नौजने मौखरियों, हर्षवर्धन और उसके सेनापति भंडीके वंशके प्रबल और विशाल राज्योंका प्रायः तीन सौ सालों (५५०-८१५) तक राजधानी रहनेके कारण उसी तरह एक अत्यन्त सम्माननीय स्थान प्राप्त कर लिया था, जिस तरह मुस्लिम-कालमें दिल्लीने जिस वक़्त सिंध और पंजाबपर काले बादल मँडला रहे थे, उस वक़्त कन्नौजका भंडी-वंश निर्बल और निकम्मा हो रहा था। कन्नौजके पीछे एक समृद्ध देशकी माया और प्राचीन वैभव था, वह आस-पासके सामन्तोंको आकृष्ट कर रहा था। हर्षवर्धनके साम्राज्यके टुकड़े-टुकड़े होनेपर जो अलग-अलग राज्य क़ायम हुए थे, उनमें बिहार-बंगालके पाल और गुजरात-मालवाके प्रतिहार मुख्य थे। दोनों ही कन्नौजके मालिक बनना चाहते थे। वह कन्नौजके शासक इन्द्रायुध और चक्रायुधमेंसे एकको गुड़िया बनाकर अपना प्रभुत्व जमाना चाहते थे। प्रतिहार वत्सराज (७८३) और गौड़ेश्वर धर्मपाल (७७०-८०६) इसके लिए अपनी सेनाओंके साथ कन्नौज तक दौड़े। वह आपसमें लड़कर किसी स्थायी फ़ैसलेपर पहुँचना ही चाहते थे कि

सुदूर-दक्षिणसे राष्ट्रकूट ध्रुव (७८०-९४) आ धमका और उसीका पलड़ा भारी रहा। इसीलिए ध्रुवरायकी यात्राका एक सुफल हमारे महान् कवि स्वयंभू मालूम होते हैं। वह जो ध्रुवरायके किसी आमात्य रयडा धनंजयके साथ दक्षिण गए और वहीं उन्होंने अपनी अद्भुत अनमोल कृतियाँ रचीं। पाल, राष्ट्र-कूट और प्रतिहार तीनों कन्नौजपर दाँत लगाये थे। कन्नौजकी शक्ति ही बाहरी शत्रुओंसे उत्तरी भारत—अतएव सारे भारत—की रक्षा कर सकती थी सौभाग्य समझिए कि अरब-तलवार सिंधकी धारमें पहुँचकर ठंढी पड़ गई, नहीं तो आठवी सदीमें उत्तरी भारतकी राजनीतिक अवस्था उसके लिए बड़ी अनुकूल थी।

कन्नौज नगरी एक ऐसी स्वयंवर-कन्या थी, जिसे राष्ट्रकूट, प्रतिहार और पाल तीनों ब्याहना चाहते थे; लेकिन स्वयंवर-कन्या सौत बनकर नहीं रहना चाहती थी। अब तीनों उम्मेदवारोंको फ़ैसला करना था—कौन अपना देश छोड़ कान्य कुब्ज जानेके लिए तैयार है। प्रतिहार नागभट्टने फ़ैसला किया, वह कन्नौजका स्वामी बन गया, बाक़ी दोनों मुँह ताकते रह गए। तबसे क़रीब-क़रीब महमूदवे हमले तक कन्नौज उत्तरी भारत और सारे भारतके लिए ज़बर्दस्त ढाल बना रहा

(२) **राष्ट्रकूट**—हर्षवर्धनको दक्षिणी भारतकी दिग्विजयसे ख़ाली हाथ लौटानेके लिए मजबूर करनेवाले पुलकेशीके चालुक्य-वंशको ख़तमकर राष्ट्र कूटोंने अपनी ज़बर्दस्त सत्ता उसी समय (७५३) स्थापित की, जब कि पूरब गोपाल पाल-वंशकी नीव रख रहा था। ७५३ ई०से ९७३ ई०की प्रायः दं सदियों तक राष्ट्रकूट-वंशी वल्लभराज भारतके सबसे बलवान् राजा रहे नर्मदासे कृष्णा और कभी-कभी कांची तक उनका विशाल राज्य फैला हुआ था और सुदूर-दक्षिण रामेश्वर ही नहीं, कभी-कभी तो सिंहल भी उनकी आज्ञा को मानता था। कितनी ही बार उनके घोड़ोंकी टाप यमुना और गंगाके द्वाव (अंतर्वेद)में प्रतिध्वनित हुई थी। कितनी ही बार उनके सैनिक युक्त-प्रान्तके दुर्गोंमें मालिक बनकर बैठते थे।

(३) **पाल**—गोपाल और धर्मपालका ज़िक्र अभी कर चुके हैं। धर्मपाल बंगाल-बिहारसे संतुष्ट न रह कन्नौज तक हाथ फैला रहा था, इसे हम बतला

थे। गहड़वार-दर्बारमें भी अवश्य कुछ लोक-साहित्यका मान था, जैसा कि काशी-श्वर-संबंधी कविताओं तथा स्वयं जयचन्दके महामंत्री विद्याधरकी स्फुट कविताओं-से मालूम होता है। कलचुरी कर्णके दर्बारमें भी बब्बर और दूसरे कितने ही कवियों-का सम्मान होता दिखलाई पड़ता है। कालिंजरका चन्देल-दर्बार शायद इस बारे-में सबसे पिछड़ा हुआ था। कनकामर मुनि, संभव है, इन्हींके बुन्देलखण्डके हों, मगर उनकी कविताओंको आश्रय देने का श्रेय चन्देल दर्बारको नहीं मिल सकता।

मुंज (९७४-७५) और भोज (१०१०-५६) चचा-भतीजे संस्कृत-प्राकृत-के साथ देशी-भाषाके भी प्रेमी थे और उनकी धारामें अवश्य कितने ही अपभ्रंश कवियोंका स्वागत किया होगा, यद्यपि हमारे पास तक उनकी कृतियाँ बहुत थोड़ी पहुँची हैं। चौहान-दर्बारका कवि सिर्फ चन्द वरदाई हमारे सम्मुख है। यद्यपि उसकी रचना "पृथ्वीराज रासो"की जो प्रति आज उपलब्ध है, वह बहुत विकृत तथा मूलसे चार सदियों बाद की है। हमने उसके कुछ नमूने यहाँ सिर्फ इसी ख्यालसे दिये हैं, कि चन्दकी कविताका कुछ अंश इसमें मौजूद है। उसकी भाषामें खूब मनमानीकी गई है, इसमें संदेह नहीं।

गुर्जर-चालुक्य-क्षेत्र (९६१-१२५७) यही नहीं कि दिल्ली-कन्नौजके काफी पीछे तक स्वतंत्र रहा, बल्कि इसने अपभ्रंश कवियोंको सबसे अधिक पैदा किया। पैदा करनेसे भी ज्यादा उसने जो बड़ा काम किया, वह है अपभ्रंश-कृतियोंका रक्षा करना। शायद दर्बारके जैन होने तथा जैन नागरिकोंके भाषा-प्रेमके कारण ऐसा हो सका।

हमारे इस साहित्यिक युगकी राजनीतिक पृष्ठभूमिकी ओर व्यापक दृष्टिसे देखनेपर मालूम होगा, कि पहले शतक अर्थात सातवीं-आठवीं सदीमें बाहरी शत्रु अभी उतने प्रबल न थे। नवीं-दसवी सदीमें हमारा राजनीतिक-संगठन इतना विस्तृत और मजबूत था कि कोई उसका मुकाबला करके सफलताकी आशा नहीं कर सकता था। ग्यारहवीं-बारहवी शताब्दीमें शक्ति आधे दर्जन टुकड़ोंमें बँट गई। और यह था विदेशी आक्रमणकारियोंको न्यौता देना।

तत्कालीन कविताओंमें हमें तीन बातोंकी छाप मिलती है—रहस्यवाद या आध्यात्मिक भूल-भुलैया, निराशावाद और युद्धवाद या वीररस। ये तीनों ही

काव्य-भावनाएँ उस वक्तके शासक-समाजकी आवश्यकताके लिए बिल्कुल उपयुक्त थी। उस वक्तके सामन्त बच्चेको तलवारका चरणामृत दिखलावटी नहीं पिलाया जाता था, बल्कि दरअसल उसे बचपनसे ही मरने-मारनेकी शिक्षा दी जाती थी। मौतसे खेल करनेके लिए वह हर वक्त तैयार रहता था। अठारहवीं-उन्नीसवीं सदियोंके कवियोंने भी अपने आश्रय-दाताओंकी बड़ी-बड़ी वीरताओंका वर्णन किया, लेकिन वह अधिकांश थोथी चापलूसी है, यह हमे मालूम है। हमारी इन पाँच सदियोंमे सामन्त वस्तुतः निर्भय वीर होते थे। उनके देश-विजयोंके बारेमे कवि अतिशयोक्ति भले ही कर सकता है, लेकिन शरीरपर तीरों और तलवारोंके घावोंके चिह्नोंके बारेमें अतिरंजनकी जरूरत नही थी। ऐसे समाजके लिए वीर-रसकी कविताएँ बिल्कुल स्वाभाविक है।

युद्ध एक पासा है, जो कभी चित्त भी पड़ सकता है, कभी पट भी। असफल सामन्तके लिए निराशा आवश्यक है, लेकिन निराशा हर वक्त आदमीके दिलको जलाया करती है, इसलिए सब कुछ भूल जानेके लिए आध्यात्मिक भूल-भुलैया या रहस्यवाद भी उतना ही आवश्यक है। प्रभु-वर्गको छोड़ बाकी अस्सी फीसदी जनताके लिए तो निराशावाद बिल्कुल स्वाभाविक है। आध्यात्मिक भूल-भुलैयासे फायदा उठानेवाले साधारण जनतामें शायद ही कोई थे। हाँ, सिद्धोंने सरल जन-भाषामें अपनी कविताये लिखकर उनके भीतर घुसनेकी कोशिश की। सिद्धोंके बारेमें यहाँ एक बात स्मरण रखनेकी है—उनकी कवितामे रहस्यवाद है मगर निराशावाद उससे छू नही गया है। वह कायाको मल-मूत्र-पूर्ण गन्दी चीज नहीं बल्कि तीर्थकी तरह पवित्र मानते है, सब तरहके सांसारिक भोगोंको छोड़ने नही ग्रहण करनेकी शिक्षा देते है। शायद इसमें उनका क्षणिकवादी दर्शन कारण रहा हो। संसारकी सभी वस्तुएँ क्षण-क्षण बदलती रहती हैं, उनमें संयोग-वियोग होता रहता है, लेकिन जगत्की सारभूत यह क्षणिकता बुरी नही है, इसीसे जगत्का वैचित्र्य, जगत्का सौन्दर्य्य कायम है। अतएव क्षणिक होनेसे जगत् उपेक्षणीय नहीं है।

ग्यारहवीं-बारहवी सदीमें महमूद गजनवीके सोमनाथ और बनारस तकके आक्रमणोंके बाद भी उत्तरी भारत कई राज्योंमे बँटा ही रहा। सातों दर्बार आपसमें लड़ते ही रहते, फिर वहाँ आशावाद कहाँ संभव था? अभी सामन्ती

वीरता मौजूद थी, तलवार झनझनाती रहती थी, लेकिन अपनी बिखरी ताकत देखकर निराशावाद उन्हें अपनी ओर खींच रहा था।

(४) **इस्लाम भारतका अभिन्न अंग**—हम पहिले कह चुके हैं, कि जिस वक्त हिन्दीके आदि कवि सरहपा अपनी कविताएँ रच रहे थे, उससे आधी शताब्दी पहिले ही (७१२-१३) सिंध और मुल्तान हिन्दुओंके हाथसे चले गए। तबसे दसवी सदी तक इस्लामिक राज्य बहुत आगे नही बढ़ पाया। अभी काबुलपर भी हिन्दू ही शासन कर रहे थे। लेकिन ग्यारहवीके शुरू हीमें काबुल ही नहीं लाहौर भी हिन्दुओंके हाथसे निकल गया। मुस्लिम-राज्य-स्थापना भारतके इतिहासमे एक बहुत भारी घटना थी। अभी तक जितने भी विदेशी आक्रमणकारी भारतमें आए थे, वह भारतीय संस्कृतिको स्वीकार कर—हाँ उसमें कुछ अपनी ओरसे दे करके भी—हजारों जात-पातोंमें बिखरे भारतीय जन-समुद्रमे मिलते गये। लेकिन अब जिस संस्कृति और धर्मसे वास्ता पड़ा, वह काफी सबल था। उसे हजम करनेकी ताकत ब्राह्मणोंके जीर्ण-शीर्ण ढाँचेमें नही थी। हमारे युगसे आगे हिन्दी-कविताका सूफी-युग (चौदहवी-पन्द्रहवीं सदी) इस बातका साफ सबूत है, कि मुसल्मान सूफियोंने हिन्दी-साहित्य और उसकी जनतापर काफी प्रभाव डाला, लेकिन इस्लामने भारतपर अधिकार करके सिर्फ आध्यात्मिक भूल-भुलैयाके कुछ पाठ ही नहीं पढ़ाये, बल्कि कुछ सामाजिक गुत्थियोंको भी हल किया।

'संदेश-रासक'के रचयिता कवि अब्दुर्रहमान (१०१० ई०)का जुलाहा-वंश दसवीं सदीके अंतसे पहिले ही मुसलमान हो चुका था। इस्लाम जब भारतके दूसरे प्रदेशोंमें फैला, तो वहाँपर भी हम प्रमुख शिल्पी जातियोंको बड़ी खुशीसे इस्लाम स्वीकार करते देखते हैं। कपड़े बनानेवाले कारीगर सिन्धसे ब्रह्मपुत्र तक जो इस्लाममें दाखिल हो गये, उनकी संख्या भारतीय मुसलमानोंमें आज यदि दो-तिहाई नहीं तो आधीसे ज्यादा जरूर है। यह कोई आकस्मिक घटना नहीं थी। हम जानते हैं, कपड़ेका व्यवसाय रोमनकालसे अंग्रेजी राज्यके स्थापित हो जाने तककी बीस सदियोंमे हमारे देशका बहुत ही महत्त्वपूर्ण व्यवसाय रहा, वह देशकी आमदनीका एक बहुत जबर्दस्त जरिया था। फिर कपड़े बनाने-

वाले कारीगर हिन्दू-धर्मसे इतने रूठ क्यों गये ? उनकी कारीगरीकी बड़ी माँग थी, वह दास नहीं थे, पैसेके लिए बाजारमें बिकनेकी उन्हें जरूरत न थी, अब्दुर्रहमानकी सुदर कवितासे पता लगेगा, कि वह निरे निरक्षर गँवार भी नहीं थे। जो कारीगर सूक्ष्म मलमल, उसके ऊपर बेल-बूटे, बनारसी किम्खाब और उसपरकी अद्भुत चित्रकारी करनेमें सिद्धहस्त हों, वह शिक्षा-संस्कृतिसे बिल्कुल शून्य हो ही नहीं सकते। लेकिन हिन्दुओंकी जाति-प्रथा जिसे बौद्ध और जैन भी व्यवहार रूपमें स्वीकार कर चुके थे—इन शिल्पी-जातियोंको शूद्र बनाकर उनपर सामाजिक अत्याचार करनेके लिए ऊपरी जातियोंको अधिकार देती थी। कोई आश्चर्य नहीं यदि आत्म-सम्मान रखनेवाले पटकार इस्लाम स्वीकार करनेमें अपनी अर्धदासताका अन्त समझने लगे, और वह एक-एक करके नहीं बल्कि श्रेणी (Guild)-रूपेण इस्लामके झण्डेके नीचे चले गये। अरब तथा बाहरसे आनेवाली दूसरी मुसलमान जातियाँ अभी हिन्दुओंकी जाति-प्रथासे प्रभावित नहीं हुई थीं। इसलिए उस समय सहस्राब्दियोंसे पीड़ित इन हिन्दू-जातियोंको हिंदुत्व छोड़ इस्लाममें जाते ही दमघोटू अन्धेरी कोठरीसे खुले प्रकाश, खुली हवामें साँस लेते जैसा मालूम होता था। हिन्दू यह बात नहीं कर सकते थे। इस्लामने आरंभिक शताब्दियोंमें इस कामको बड़ी तत्परतासे किया, लेकिन जैसे-जैसे बड़ी जातियोंके हिन्दू इस्लाममें दाखिल होने लगे; वैसे ही वैसे इस्लामकी वह क्रान्तिकारी भावना नष्ट होती गई और वहाँ भी ऊँच-नीचका बीज बोया जाने लगा।

बारहवीं सदीके अंतमें दिल्ली और कन्नौज भी इस्लामी झण्डेके नीचे चले गये थे। अब हिन्दू सामन्त एक-एक करके आत्म-समर्पण करनेके लिए कालकी प्रतीक्षा कर रहे थे। महमूद और कितने ही दूसरे मुस्लिम विजेताओंने हिन्दुओंके मन्दिरोंपर भी प्रहार किया; लेकिन जैसा कि हम कह आये हैं, वह इतनी मेहनत सिर्फ पत्थरोंके तोड़नेके लिए नहीं किया करते थे। वह जाते थे, महन्तों और पुजारियों द्वारा वहाँ जमा की हुई अपार मायाको लूटने। इससे यह लाभ जरूर हुआ कि मंदिरों और देवताओंकी हजारों बरससे स्थापित महिमा बहुत घट गई। कोई ताज्जुब नहीं, यदि दिल्ली-विजयके बाद तीन सदियों तक हिन्दू सन्त भी

मूर्त्तियों और देवताओंके पीछे लट्ठ लेकर पड़ गये और चारों ओर निर्गुणवादकी दुदभी बजने लगी। इस ध्वंस लीलाने कुछ फायदेका भी काम किया और पुरोहितों-महन्तोंके प्रभावको कुछ हल्का किया, यद्यपि वह उतना नही कर सकी, जितना कि ईरान और अफगानिस्तानमें, शायद यदि सारा हिन्दुस्तान इस्लामके अन्दर चला गया होता, तो यहाँकी सैकड़ों समस्याये खतम हो गई होतीं। मुमकिन है उस वक्त हमारे साहित्य-कलाको और भी क्षति हुई होती और एक बार ईरानकी तरह मुसलमान बने भारतके जातीयता-प्रेमियोंको भी झुंझलाना पड़ता।

सिद्ध-युगकी अन्तिम—बारहवी-तेरहवी—सदीमें उत्तरी भारतकी राजनीतिक अवस्था अधिक डाँवाडोल थी। यद्यपि मालवा और गुजरात अपनी स्वतंत्रताको बचाए हुए थे, मगर वह भी भविष्यके लिए निश्चिन्त नही थे। ऐसे कालमें भी महाकवियोंका होना असंभव नहीं है, लेकिन यदि महाकवि अपने पैरोंको धरतीपर रखते तब न। आसमानी नायिका बनाते वक्त उनका स्वप्न बीच-बीचमें पृथ्वीकी विकलताके कारण भग्न हो जाता; इसलिए उनका सृजन भी पूर्ण नहीं भग्न ही हो सकता है। इस कालमें हमें लक्खण तथा दूसरे ऐसे ही छोटे-छोटे कवि मिलते हैं। मुसलमान शरणागतकी रक्षाके लिए रणथम्भोरके राणा हम्मीरने हिन्दू-मुसलमान धर्मका ख्याल न करके जिस तरह अपने सर्वस्वकी बाजी लगाई, उसने कुछ महाकवियोंको जरूर प्रेरणा दी; बाकी कवि बस छोटे-छोटे सामन्तों और सेठोंकी प्रशंसाके पुल बाँधनेमे ही अपनी सारी शक्ति खर्च करते रहे।

४. धार्मिक अवस्था

पहिलेके वर्णनमें जहाँ-तहाँ धर्मके बारेमें भी हम कुछ कह आये है, लेकिन वहाँ हमने उनका सिर्फ सामान्यरूपेण जिक्र किया। हमारे इस युगके कवियों-में बौद्ध, जैन, हिन्दू और मुसल्मान चारों धर्मके माननेवाले है; इसलिए यहाँ उनके बारेमे कुछ और कहनेकी अवश्यकता है।

मानव-समाजके विकासमें धर्म बहुत पीछे आया है, इसे हम दूसरे स्थानपर

बतला आये हैं। जिस वक्त मनुष्यमें धनी-गरीबका भेद नहीं हुआ था, क्योंकि अभी उसके पास धन-उत्पादन और लड़नेके हथियार बहुत दुर्बल—पत्थर, सींग, लकड़ीके थे; उस वक्त इन धर्मोंकी आवश्यकता नही थी। ब्राह्मणों, बौद्धों तथा जैनोंकी देव-माला अपने पुराने रूपमें राजसत्ता नहीं पितृसत्ताका अनुकरण करती है। वेदोंके पुराने देवताओंमें किसी एक सर्वशक्तिमान् परमेश्वरका पता नहीं लगता, लेकिन जैसे ही दुनियाँमें "सर्वशक्तिमान् परमेश्वर" पैदा हुए, वैसे ही सर्वशक्तिमान् ईश्वर भी आ धमका। गुप्तोंके निरंकुश राजतंत्रने सर्वशक्तिमान् ईश्वर—विष्णु—के महत्त्वको बहुत बढ़ाया। यद्यपि बौद्ध और जैन सृष्टिकर्त्ता सर्वशक्तिमान् ईश्वरको नहीं मानते थे। तो भी वह स्थापित समाज-व्यवस्थाके लिए खतरनाक नहीं थे। प्रवाहण जैवलिके समाज-पोषक सामन्त-समर्थक पुनर्जन्मके सिद्धान्तको स्वीकारकर उन्होंने पहिले ही अपने कार्य-क्षेत्रको सीमित कर लिया था। और अब तो वह ब्राह्मणोंके जाति-पाँति, ज्योतिष, सामुद्रिक सबको मानने लगे थे। जिस वक्त ईसाके पहिलेकी दो-तीन सदियोंमें यवन, शक, आभीर, गुर्जर आदि जातियाँ बाहरसे हिन्तुस्तानमें घुस रही थीं, उस वक्त बौद्धोंका ही पलड़ा भारी था; क्योंकि उन्हीने इन जातियोंको समाजमें समानताका स्थान देकर स्वागत किया था। ब्राह्मण इस बलाको बूझ नहीं पाये, वह अभी सबको "म्लेच्छ" "म्लेच्छ" कह तिरस्कार करते थे; लेकिन जब देखा कि ये आगंतुक म्लेच्छ धर्ममें श्रद्धालु बनकर मिनान्दर और कनिष्ककी तरह मठों और मन्दिरोंको सोनेसे पाट देते हैं; तो वह भी सोचनेके लिए मजबूर हुए। यद्यपि वह देरसे होशमें आये, मगर उनका हथियार सबसे जबर्दस्त निकला। बौद्ध आगंतुक जातियोंको सम्मानपूर्ण किन्तु समान स्थान देते थे। ब्राह्मणोंने सम्मानपूर्ण ही नहीं बल्कि बहुत ऊँचा स्थान—सिर्फ अपनेसे एक सीढी नीचे—दिया, पीछे उन्हें आबूके अग्निकुण्डसे निकली क्षत्रिय-जातियाँ कहा गया। आबूके अग्निकुण्ड और उससे आदमियोंकी बात भले ही बिलकुल झूठी है, मगर ब्राह्मणोंने आगन्तुक म्लेच्छ-जातियोंको क्षत्रिय बनाया, इसमें कोई सन्देह नहीं। और इस प्रकार सामन्ती भारतने चिरकालके लिए ब्राह्मणोंके प्रभावको स्वीकार किया।

(१) **बौद्ध धर्म**—ईसाकी पहिली तीन-चार शताब्दियोंमें जब ये आगंतुक

क्षत्रिय बनाए जा रहे थे, उसी वक्त बौद्ध धर्म निहत्था कर दिया गया। बौद्ध अब भारतकी किसी सामाजिक समस्याका अपने पास कोई हल नही रखते थे, अब उन्हें अपनी पुरानी कमाईको बैठकर खाना था। सामन्त पूरी तौरसे ब्राह्मणोंके हाथमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूपसे चले गये थे। बौद्ध कभी-कभी दिङ्नाग और धर्मकीर्त्तिके प्रौढ़-दर्शनको सामने रखकर लोगोंकी आँखोंमें चकाचौध पैदा करना चाहते थे; कभी योग-समाधि, तंतर-मंतर डाकिनी-साकिनीके चमत्कारसे लोगोंको अपनी ओर खींचना चाहते थे और कभी सिद्धोंके विचित्र जीवन और लोक-भाषाकी कविताओंको भी इस कामके लिए इस्तेमाल करते थे; मगर यह सब हवामें तीर चलाना था। अब भी बहुसंख्यक जनताकी कितनी ही समस्यायें सामने थीं; लेकिन बौद्धोंके मस्तिष्क और हथियार कुठित हो चुके थे। उन्होंने चलते-चलाते हमारी भाषाकी कितनी ही सेवा जरूर की। अफसोस है कि उनकी कविताओंका बहुत कम अंश हमारे पास बच रहा। उनकी सैकड़ों छोटी-छोटी धार्मिक पुस्तकें ग्यारहवीं-बारहवीं सदीमें किये तिब्बती भाषाके अनुवादोंमें मौजूद हैं, मगर उससे भी अधिक संख्या उन पुस्तकोंकी रही होगी, जो शुद्ध सांसारिक दृष्टिसे लिखी गई थी, अतएव वह भारतसे बाहर नही ले जाई गई, और बौद्ध धर्मके साथ वह यही नष्ट हो गई।

बौद्ध धर्म चलाचली पर था, उसकी भीतरी कितनी ही कमजोरियाँ उसके हितचिन्तकोंको मालूम होने लगी थीं, तो भी सबसे बड़ी कमजोरी—सामाजिक समस्यासे हाथ खीच लेना—की ओर उनका ध्यान नहीं गया। दूसरे धार्मिक पंथोंकी तरह बौद्ध धर्ममें भी ब्रह्मचर्य और भिक्षु-जीवनपर बहुत जोर दिया गया था, लेकिन बारह शताब्दियोंके तजुर्बेने बतला दिया कि वह ढोंगके सिवाय और कुछ नहीं है। आदमी आहारकी तरह काम-भोगमें भी दूसरे पशुओंसे बहुत भिन्नता नहीं रखता। मठोंके अप्राकृतिक-जीवनमें जो बहुत-सी बुराइयाँ बहुत भारी परिमाणमें घुस आयी थीं, उन्हें देखकर कुछ विचारकोंने सोचा, हमें इस ढोंगको हटाना चाहिए और मनुष्यको सहज-स्वाभाविक जीवनपर लाना चाहिए। इन बातोंको वह खुलकर नही कह सकते थे, क्योंकि खुलकर कहनेपर पन्थ और भक्त ही नहीं सारे बाहरी समाजका विरोध इतना

जबर्दस्त होता, कि उन्हे अपना अस्तित्व भी कायम रखना मुश्किल हो जाता। उन्होंने छिप करके एक सीमित क्षेत्रमें अपने विचारोंका प्रचार करना शुरू किया। मुक्त यौन-संबंधके पोषक चक्र-संवर आदि देवता, उनके मंत्र और पूजा-प्रकार तैयार किये। गुह्य-समाज एकत्रित होने लगे, जहाँ स्त्री-पुरुषोंको मद्य-मैथुनकी पूरी स्वतंत्रता दी गयी। लेकिन जल्दी ही यह सब काम सहज, स्वाभाविक नहीं अस्वाभाविक रूपमें होने लगा। सरहपाके बचनोंसे जान पड़ता है, कि वह भोग-स्वातंत्र्यको अस्वाभाविकता या अतिमें नहीं ले जाना चाहता था। वह इस बातका समर्थक था, कि सहज मानवकी जो सहज आवश्यकताएँ हैं, उन्हें सहज रूपसे पूरा होने देना चाहिए। उसने मंतर-तंतर, देवी-देवतापर भी ठोकर लगाए है। मगर जान पड़ता है, भीतरी-बाहरी विरोध बहुत जबर्दस्त था, सहज-मार्गसे पाखंड-मार्ग पकड़ना अधिक आसान था, इसलिए सरहपाका सहज-यान, तन्तर-मन्तर, भूत-प्रेत, देवी-देवता-संबंधी हजारों मिथ्या-विश्वासों और ढोंगोके पैदा करने-का कारण बना। ये सारे मिथ्या-विश्वास, सारी दिव्य-शक्तियाँ महमूद और मुहम्मदबिन-बख्तियारके सामने थोथी निकलीं और तारा, कुरुकुल्ला, लोकेश्वर और मंजुश्रीके मन्दिरों और मठोंमें हजार-हजार बरसकी जमा हुई अपार संपत्ति अपने मालिकों और पुजारियोंके साथ ध्वस्त हो गयी। बौद्ध भिक्षुओंके रहनेके लिए जब न कोई विहार रहा, न उनके संरक्षक और पोषक सेठ-सामन्त पहिली अवस्थामें रहे, न साधारण जनताका विश्वास पूर्ववत् रहा, तो उन्हें भारतमें दिन काटना मुश्किल होने लगा। पश्चिमकी धरती तो उनके हाथसे पहिले ही निकल चुकी थी; लेकिन उत्तर (तिब्बत), पूरब (बर्मा, चीन) और दक्खिन (सिंहल)में अब भी उनके स्वागत करनेवाले मौजूद थे। इस प्रकार बचे-खुचे बौद्ध भिक्षु—बौद्ध गृहस्थोंके अगुआ—बाहर चले गये। भिक्षुओंके अभावमें गृहस्थ बौद्ध धर्मको भूलने लगे, और जिसकी जिधर सींग समाई, उधर चले गए। इस प्रकार नालन्दा, विक्रमशिलाके ध्वंसके बाद पाँच ही छ पीढ़ियोंमें बौद्ध-धर्म नाम-शेष रह गया।

(२) **जैन धर्म**—सामन्तोंपर जैन धर्मका पुराने समयमें क्या प्रभाव पड़ा था, इसके समर्थनके लिए काफी प्रमाण नहीं मिलते। राष्ट्रकूट (७५३-९७)

और गुर्जर-सोलंकी (९६१-१२५७) राजाओंका जैन धर्मपर बहुत अनुराग था, लेकिन लड़ाकू सामन्तोंके इस अनुरागमें पहिला ही कदम तो यह था, कि बेचारी अहिंसा ताक पर रख दी गई। जैन गृहस्थ ही नही जैन मुनि (हेमचन्द्र) भी तलवारकी महिमा गाने लगे भला दिग्विजयोंके जमानेमें अहिंसाको कैसे लेकर चला जा सकता था। बौद्ध धर्मकी तरह जैन धर्म भी जाति-पाँति विरोधी था, लेकिन हमारे युगमें वह भी जाति-पाँतिको वैसे ही मानने लगा था, जैसे ब्राह्मण। इतना ही नही हमारे एक जैन कवि मुनिने तो जैन गृहस्थोंको उपदेश दिया है, कि वह अपनी लड़कीको अजैन घरमें न दें। भीतर भिन्न-भिन्न मतोंके रखने-पर भी जो अब तक शादी-ब्याह हो सकता था, उसे भी बन्द कर दिया गया, चलो छुट्टी मिली। जैन धर्ममें सृष्टिकर्त्ता ईश्वर नहीं माना जाता, लेकिन अब तो स्वयं महावीरके नामके साथ परमेश्वर लगाया जाने लगा। जैन गृहस्थ और दूसरे लोगोंके लिए पारस-मणि परमेश्वर-शब्द मिल गया। परमेश्वरसे मिन्नत भी मानी जाने लगी। परमेश्वर-शब्द काफी था, साधारण लोग उसीमें सृष्टिकर्त्ता-विधाता सब समझ लेते थे, आगे बालकी खाल खीचनेकी उन्हें जरूरत नहीं थी।

सामन्तोंने जैन धर्मको अपनाकर भी कितना निबाहा, यह आपने देख लिया। हाँ, व्यापार करनेवाली जातियाँ ज्यादा कट्टर बनी और आज भी जैनोंमें अधिकांश वैश्य ही मिलते हैं। उन्होंने अहिंसाको जरूर कुछ ज्यादा गंभीरताके साथ स्वीकार किया। पश्चिममें भी बनिया-वर्ग जीव-दयाकी ओर बहुत खिंचता है, यद्यपि उसकी दया है—

"जाननहारा जानिया, बनिया तेरी बान।
बिनु छाने लोहू पिवै, पानी पीवै छान॥"

इसे जैन धर्मकी सफलता कह लीजिए। मगर इस सफलताने हानि कितनी पहुँचाई? पोरवाल, ओसवाल, अग्रवाल, श्रीमाल, आदि जातियाँ मूलतः यौधेय-आर्जुनायन आदि गणोंकी वह वीर-क्षत्रिय जातियाँ थीं जिन्होंने किसी समय यवनों, शकों, गुप्तोंके दाँत खट्टे किये और भारतमें जनतंत्रताके प्रदीपको शताब्दियों तक जलाये रखा। अब सिंहोंके नख-दाँत तोड़ दिये गए और वे

बकरी बनकर सूद खाने और तराजू तोलनेमें लग गये; उन्हें तीर-तलवारकी जरूरत नहीं रह गई। सवाल हो सकता है, क्षत्रियसे वैश्य होने—ब्राह्मणी व्यवस्थाके अनुसार एक सीढ़ी नीचे गिरने—के लिए ये क्षत्रिय तैयार कैसे हो गए? हम इसके बारेमें इतना ही कह सकते है "व्यापारे वसति लक्ष्मी" अथवा कुछ पीढ़ियों[१] तक अपनी स्वतंत्रताके लिए तलवार चलाकर देख लिया, कि राज-तंत्रके इतने बड़े सैनिक-संगठनके सामने उनका तलवार हिलाना फजूल है। अब वह क्षत्रियकी जगह नगर-सेठ बने। व्यापार खूब चमका। करोड़ों रुपये लगाकर देलवाड़ा जैसे अनगिनत मंदिर बने, परम-त्यागियों—पात्र और वस्त्र तक भी न रखनेवाले यतियों—का जैन धर्म सोने-हीरेकी राशिसे जगमग-जगमग करने लगा। लेकिन, इस नये सभ्य जैन समाजमें बेचारे निर्ग्रन्थों—नग्न साधुओं-की आफत आयी। सम्भ्रान्त परिवारोंके पुत्र मुनि बन नंगे-मादरज़ाद रहनेसे हिचकिचाने लगे और गृहस्थ भी अपने मुनियोंको इस रूपमें देखनेसे संकोच करने लगे। अब वस्त्रधारी श्वेतांवरोंका पलड़ा भारी हो चला; लेकिन वस्त्र ही तक भले घरोंके लड़के सन्तोष कैसे कर सकते थे? सवाल उठ खड़ा हुआ, चैत्य-वासी (बस्तीसे बाहर मठोंमें रहनेवाले) और बस्ती-वासीका। लेकिन कुछ ही समय बाद यह भी सवाल व्यर्थ हो गया, और जैन मुनि बस्ती-वास ही नहीं दरबार-वास तक करने लगे।

इस युगमें तंत्र-मंत्र और भैरवी-चक्र या गुप्त यौन-स्वातंत्र्यका बहुत जोर था। बौद्ध और ब्राह्मण दोनों ही इसमें होड़ लगाए हुए थे। भूत-प्रेत, जादू-मन्तर और देवी-देवता-वादमें जैन भी किसीके पीछे नहीं थे, रहा सवाल वाम-मार्गका, शायद उसका उतना जोर नहीं हुआ, लेकिन वह बिल्कुल नही था, यह भी नहीं कहा जा सकता। आखिर चक्रेश्वरी देवी वहाँ भी विराजमान हुई, और हमारे मुनि कवि भी निर्वाण-कामिनीके आलिंगनका खूब गीत गाने लगे,

---

[१] **जोहियावार (भावलपुर) के जोहियों तथा मेवोंने मुस्लिम काल तक अपनी तलवार नहीं छोड़ी।**

जिससे उसी दिशाका सूक्ष्म संकेत मिलता है।

जैनोंने अपभ्रंश-साहित्यकी रचना और उसकी सुरक्षामें सबसे अधिक काम किया। वह ब्राह्मणोंकी तरह संस्कृतके अंधभक्त भी नहीं थे, क्योंकि वशिष्ठ, विश्वामित्रकी भाँति उनके मुनियोंने संस्कृतमें ही नही प्राकृतमें अपने मूलग्रंथ लिखे थे। व्यापारी होनेसे बही-खाता तथा मातृभाषा लिखने-पढ़नेका ज्ञान होना उनके लिए बहुत जरूरी था। ब्राह्मणोंकी समाज-व्यवस्थाके साथ वह बँधे हुए थे। ब्राह्मणोंके महाभारत, पुराण और कथा-वार्त्ताका हर तरफसे प्रभाव पड़ना जरूरी था, क्योंकि वह समुद्रमें बूँदकी तरह थे। इस प्रकार जैन धार्मिक नेताओं-के लिए यह जरूरी हो पड़ा, कि अपने भक्तोंको ब्राह्मणोंका ग्रास बननेसे बचाने-के लिए अपने स्वतंत्र कथा-पुराण तैयार करें। व्यापारीसे यह आशा नही रक्खी जा सकती कि वह धर्म जाननेके लिए कठिन-कठिन भाषाएँ सीखता फिरेगा। अतएव जैनोंने देश-भाषामें कथा-साहित्यकी सृष्टि की, जिसके कारण स्वयंभू और पुष्पदन्त जैसे अनमोल अद्वितीय कविरत्न हमें मिले। उस साहित्यकी रक्षाके लिए हम और हमारी अगली पीढ़ियाँ उन जैन नर-नारियोंकी हमेशा कृतज्ञ रहेंगी, जिन्होंने इन अमूल्य निधियोंको नष्ट होनेसे बचाया। याद रखिये, इन अमूल्य निधियोंमे सिर्फ जैनोंके ही ग्रन्थ नहीं बल्कि अब्दुर्रहमानके "संदेश रासक" जैसे ग्रन्थ भी हैं।

(३) ब्राह्मण——हम कह चुके हैं कि ईसवी सनके शुरू होनेके बाद ही ब्राह्मणों-का पलड़ा भारी हो गया। हाँ, उन्होंने सिर्फ सामन्त-वर्गकी म्लेच्छ और आर्यकी युद्धाग्निकी भीतरी समस्याको ही अग्नि-कुण्डवाले क्षत्रिय बनाकर हल किया था। लेकिन समाजके हर्त्ता-कर्त्ता तो आखिर सामन्त थे। उन्हें जो कुछ मिलना-जुलना था, वह इन्हीं सामन्तोंसे। बाक़ी भेड़ोंको भरमाना उनका काम था, जिसमें कि ब्राह्मणोंके सिरजे ईश्वरकी निरंकुशताकी तरह राजाओंकी निरं-कुशताके खिलाफ भेड़ें कोई तूफान न खड़ा करें। सामन्त (राजा)-समाज और ब्राह्मणों——मेरा मतलब धार्मिक नेताओं और पुरोहितोंसे है——का हमेशा चोली-दामनका साथ रहा है। ब्राह्मणोंपर सामन्त जितना विश्वास कर सकता था, उतना वह अपनी जातिके व्यक्तिपर भी नहीं कर सकता था। किसी

सामंत-वंशी (क्षत्रिय)को राजके प्रधान-मंत्री जैसे बड़े पदको देकर कोई राजा अपने सिहासनको खतरेमें डाल कैसे सकता था ? बिम्बसार (५०० ई० पू०)के ब्राह्मण प्रधान-मंत्री वर्षकारसे लेकर सदा ही हिन्दू-राजाओंके प्रधान-मंत्री ब्राह्मण होते रहे। पुष्पमित्र और पेशवा जैसे दो-एक ही अपवाद हैं, जब कि ब्राह्मणोंने नमक-हरामी की हो। वह कभी सिहासनपर बैठनेकी कामना नहीं करते थे, इसलिए प्रधान-मंत्रीका पद यदि ब्राह्मणोंके लिए सदा सुरक्षित रहता हो, तो इसमें आश्चर्यकी क्या बात है।

और ब्राह्मण घाटेमें भी नहीं थे। शुकनासका ऐश्वर्य तारापीडसे कम न था। प्रधान-मंत्रीके महलकी सजावट और अन्तःपुरकी रौनक राजाओंके हरमसे कम न थी। ब्राह्मणोंने जो भारतीय जनतंत्रताके हल्केसे हल्के चिह्नको भी न रहने देनेकी हर तरहसे कोशिश की; उसके लिए उनका स्वार्थ मजबूर करता था। प्रधान-मंत्री और मंत्री ही नहीं दूसरे ब्राह्मणोंके लिए भी सामन्त हर तरहसे पूरी भोग-साधना जुटाते थे। चन्द्रदेवने १०९३ ई०में हाथमें कुश लेकर एक ही बार कटेहली (बनारस)के सारे परगने (पत्तला)को ब्राह्मणोंको दान दे दिया; ११०० ई०में फिर उसने वृहदऋहवरथ पत्तलाको दान किया। राष्ट्रकूट, पाल तथा दूसरे राजवंश भी ब्राह्मणोंके प्रति ऐसी ही उदारता दिखाते रहे। विश्वामित्र-वशिष्ठ-भरद्वाजके समयमें भी ब्राह्मणोंका जीवन भोग-शून्य नहीं था, फिर हमारे इस कालके बारेमें पूँछना ही क्या ? ब्राह्मणोंके मंदिरों-पर किस तरह मुक्त-हस्त हो धन खर्च किया जाता था, इसे देखना हो, तो एलौराके कैलाशको देख लीजिए—एक अद्‌भुत, विशाल शिवालय पहाड़ काट-कर निकाल लिया गया है।

हम कह चुके हैं, कि वाम-मार्गमें ब्राह्मण भी बौद्धोंके साथ कन्धेसे कन्धा मिलाकर खड़े थे। मन्तर-तन्तरकी बात तो खैर आँखमें धूल झोंकनेकी नीतिके कारण हो सकती है, लेकिन चक्र-पूजा। यौन-स्वातंत्र्यकी उन्हें क्या जरूरत थी ? आखिर ब्राह्मण एकपत्नि-व्रत नहीं थे, संपत्तिके अनुसार वह चाहे जितने ब्याह कर सकते थे। दासियोंके रखनेमें भी उनके लिए कोई सीमा न थी। बौद्ध भिक्षु तो बेचारे जबर्दस्तीके ब्रह्मचर्यके फन्देको किसी तरह ढीला करना

चाहते थे, जिसकी कि ब्राह्मणोंको जरूरत नहीं थी। हाँ, हो सकता है, मद्य-पानके विरुद्ध जो कड़ाइयाँ पीछेके स्मृतिकारोंने कर दी थीं, उनसे मुक्त होनेके लिए इन्होंने चक्रका आश्रय लिया। मीन-मांस उस युगके ब्राह्मणोंमें वर्जित था ही नहीं और मुद्रा—हाथकी अँगुलियोंको टेढ़ी-मेढ़ी करना—के लिए चक्रकी शरण लेनेकी जरूरत नहीं थी। इस प्रकार मुख्य कारण मद्य रहा होगा और स्त्रीके बारेमें उन्होंने "अधिकस्याधिकं फलं" समझ लिया होगा।

ब्राह्मणोंने सीधे सेवा करके ही सामन्तोंका उपकार नहीं किया, बल्कि उन्होंने उनके फायदेके वास्ते साधारण जनताकी शक्तिको छिन्न-भिन्न करनेके लिए खूब हन-हन करके हथियार चलाए। खानेकी छुआछूतमें खूब तरक्की की और "आठ कनौजिया नव चूल्हा" करके उसे अपने घरसे शुरू किया। उस वक्त भारतके जो व्यापारी अरब जाते थे, उनके बारेमें एक अरब लेखक (अल्वरूनी) ने लिखा है—वे हमारे (मुसल्मानोंके) ही हाथका खाना खानेसे परहेज नहीं करते, बल्कि आपसमें भी एक दूसरेका छुआ नही खाते।" बहुत-सी नीच कही जानेवाली जातियोंके प्रति तो ब्राह्मणोंकी व्यवस्था बहुत क्रूर थी। कितनी क्रूर थी इसका अन्दाजा कुछ-कुछ आपको लग सकता है, यदि परम अद्वैतवादी शंकराचार्यकी जन्मभूमि मलवारके पंचमोंकी बीसवीं शताब्दीकी अवस्थाका आपको थोड़ा-सा परिचय हो। उस युगके नगरोंकी बहुतसी सड़कें उनके लिए वर्जित थीं; कितनी ही सड़कोंपर थूकनेके लिए उन्हें अपने साथ पुरवा रखना पड़ता था। लेकिन ब्राह्मणोंकी एक और भी व्यवस्था थी—"स्त्री-रत्नं दुष्कुलादपि", इसलिए श्रोत्रिय ब्राह्मण भी शूद्रा सुंदरीसे पार्शव[1] सन्तान पैदा करनेका पूरा अधिकार रखता था।

ब्राह्मणोंने मिथ्या-विश्वासोंको फैलाने, वयस्क मानवताको बच्चा बनानेके लिए पुराणोंकी संख्या और कलेवरको इसी कालमें खूब बढ़ाया। बुद्धि रखनेवालोंपर यह हथियार नहीं चलता, इसलिए इसी युगमें बुद्धिको भूल-

---

[1] शूद्रा स्त्रीमें ब्राह्मणका पुत्र।

भुलैयामें डालनेके लिए शंकर (७८८-८३०) श्री हर्ष (११८० ई०) जैसे दार्शनिकोंने "मुँहमें राम बगलमें छूरी" वाला अद्वैतवाद पैदा किया।

इस कालमें जातीय बिखरावको ब्राह्मणोंने चरम-सीमापर पहुँचाया। अभी तक जातियोंके लिए भाषा या प्रान्तोंका भेद नहीं था, मगर अब ब्राह्मणोंने कनौजिया आदि बिल्कुल अलग-अलग ब्राह्मण जातियाँ तैयार की और एक जातिमें भी गोविन्दचंद्र-जयचन्द्र (१११४-९३)के कालमें सरयू-पारियोंमें पंक्ति (उच्चतम) ब्राह्मण और वल्लालसेन (११५८-७९)के समय बंगालमें "कुलीन" ब्राह्मणके नामसे और नये-नये टुकड़े किये गये। दंडीके कुम्हार-ब्राह्मण जहाँ भारतके किसी भी प्रान्तमें जाकर स्वच्छन्दतापूर्वक रोटी-बेटी कर सकते थे, वहाँ अब रास्ता चारों ओरसे बन्द था। ब्राह्मणोंकी व्यवस्थाने देश-रक्षाके कामके लिए क्या-क्या किया? स्त्रियोंके लिए तो युद्धमें कोई स्थान था ही नहीं। ब्राह्मण-देवता युद्ध-सेवासे मुक्त थे। वैश्यका काम था डेढ़ा-सवाई करना। शूद्रोंकी हजार जातियाँ?—उन्हें हथियार लेकर अपनी पाँतिमें लड़नेको कौन क्षत्रिय इजाजत देता। लड़नेका काम था सिर्फ क्षत्रिय-पुरुषोंका, और उनके सामने भी युद्ध करनेके लिए कोई बड़ा आदर्श नहीं था, सिर्फ नमक-हलाली और इसके बाद सामन्तका भय रह गया था। सामन्तके भयसे या "हम मालिकका नमक खाते हैं" इस ख्यालसे लड़नेवाले योद्धा, किस श्रेणीके होंगे, इसे आप खुद समझ लें। आप कहेंगे, इस युगमें अरबों और तुर्कोंसे युद्ध छिड़ता रहता था, जिसमें योद्धाके दिलमें हिन्दू-धर्मकी रक्षाका भी ख्याल आ सकता था। हम इसे मानते हैं, लेकिन कुछ ही हद तक। क्योंकि मुसल्मान सामन्तकी सेनामें सिर्फ मुसल्मान ही मुसल्मान और हिन्दू सामन्तकी सेनामें सिर्फ हिन्दू ही हिन्दू सैनिक रहे, इसका कोई नियम नहीं था। अक्सर दोनों हीकी सेनायें मिली-जुली होती थीं।

(४) इस्लाम—इस्लामकी इस युगमें क्या अवस्था थी, इसका जिक्र हम पहले कर चुके हैं। अभी सदियोंकी मानसिक और शारीरिक दासताओंको तोड़नेकी उसमें हिम्मत और क्षमता थी। साथ ही अरबी खलीफा (उमैया और अब्बासी) कोई संकीर्ण विचारवाले धर्मान्ध शासक नहीं थे। इस्लामकी

पहिली सदीमें चाहे कुछ तोड़-फोड़ हुआ हो, मगर बादमें दुनियाकी सभी संस्कृतिओं और उनकी देनोंके मुसल्मान शासक जबर्दस्त कदरदान संरक्षक थे। अफलातूँ, अरस्तू और दूसरे यूनानी दार्शनिकों—साइंस-वेत्ताओंका पता भी नहीं लगता, यदि बगदादके खलीफोंके समय अनुवाद और टीकाओं द्वारा उनकी रक्षा न की गई होती। उस समय भारतसे भी कितने ही विद्वान बड़े सम्मानपूर्वक बगदाद बुलाये गए थे, जिन्होंने भारतीय दर्शन, वैद्यक, गणित और ज्योतिषके बहुतसे ग्रन्थोंके अरबी अनुवाद करनेमें सहायता की थी। मुस्लिम अरबोंने हिन्दुस्तानी अंकोंको स्वीकार ही नहीं किया, बल्कि उन्हींके द्वारा वह सारे युरोपमें फैला।

अब्दुर्रहमानकी कवितामे जो बिल्कुल भारतीय आत्मा बोल रही है वह बनावटी बात नही थी। अब्दुर्रहमानने देवताका मंगलाचरण करते वक्त अपने ग्रंथमें अपनेको मुसल्मान भक्त साबित किया है। ग्यारहवी शताब्दीसे मुस्लिम और हिन्दू सामन्तोंमें राजनीतिक शक्तिको हथियानेके लिए जो भीषण संघर्ष शुरू हुए, उसीके प्रोपेगण्डामें हिन्दू और इस्लाम धर्म घसीटे जाने लगे, जैसे कि आज हॉलिफेक्स और चर्चिल जैसे कट्टर साम्राज्यवादी ईसाई-धर्मको घसीट रहे है। यह देशका दुर्भाग्य था कि सामन्तोंके इस झूठे प्रोपेगण्डाका शिकार साधारण जनता भी होती थी और उसने कितने ही समय अपनेको अन्धा सिद्ध किया।

जिस वक्त सामन्त अपने स्वार्थके लिए धर्मकी दुहाई देकर कटुताका बीज बो रहे थे, उसी समय सरल-हृदय मानवता-प्रेमी कुछ दूसरे भी पुरुष हुए थे, जो सामन्तोंकी चालसे क्षुब्ध थे और अपनी शक्ति भर दोनों संस्कृतियों और धर्मोंमे भाई-चारा स्थापित करनेकी कोशिश करते थे। हाँ, वह संख्या और साधन दोनोंमें कमजोर थे। सूफी महात्माओंकी संख्या कभी अधिक नही रही और वह जिस तसव्वुफ और अद्वैतका प्रचार करते थे, वह साधारण जनताकी पहुँचसे बाहरकी बात थी। साधारण जनताके समझने और लाभकी बातको लेकर यदि वह कुछ करना चाहते, तो उनकी हालत भी वही हुई होती, जो कि

साम्यवादी सैयद मुहम्मद मेंहदी जौनपुरी[1] की हुई। सामन्तोंका हथियार सीधा सांसारिक भोगका प्रलोभन था, जब कि दोनों संस्कृतियोंमें समन्वय स्थापित करनेवालोंका हथियार था, अधिकतर परलोकवाद और मानवकी सहज सहृदयतासे अपील करना।

तेरहवीं और बादकी भी दो-तीन सदियोंमें हमे यदि खुसरोको छोड़कर कोई मुस्लिम कवि नहीं दिखलाई पड़ता, तो इसका यह मतलब नहीं कि करोड़ों भारतीय मुसल्मान बनते ही कवि-हृदयसे बिल्कुल वंचित हो गए। हिन्दुस्तानकी खाकसे पैदा हुए सभी मुसल्मानोंके लिए अरबी-फारसीका पंडित होना सम्भव नहीं था। अब्दुर्रहमान जैसे कितने ही कवियोंने अपनी भाषामें मानव-समाजकी भिन्न-भिन्न अन्तर्वेदनाओंको लेकर कविताकी होगी। कुछको उन्होंने कागजपर भी लिखा होगा; मगर उनको हम तक पहुँचानेके लिए सहायक नहीं मिले। सुल्तानी दर्बारमें विदेशी भाषाओंकी तूती बोल रही थी। मुस्लिम सामन्तोंके पुस्तकालयोंमें हिन्दुस्तानी लिपि और हिन्दुस्तानी भाषामें लिखी गई कविताएँ पचास-पचास पीढ़ी तक कैसे सुरक्षित रह सकती थी। उधर हिन्दू सामन्तोंके यहाँ जब स्वयंभू जैसे प्रथम श्रेणीके कवि भी जैन होनेके कारण भुला दिए जा सकते है, तो मुसल्मान कविके बारेमें पूछना ही क्या है। यह वजह है जो अब्दुर्रहमान (१०१०)से कुतबन (१४९३) तककी प्रायः पाँच सदियोंमें हम किसी मुसल्मान कविकी रचनाका पता नहीं पाते। रचनाएँ काफी रही होंगी, लेकिन परिस्थितियाँ उनके जीवित रहनेके अनुकूल नहीं थीं। उन्हें एक ओर "हिन्दी-गन्दी" समझा जाता था और दूसरी ओर म्लेच्छ कविकी कृति।

५. सांस्कृतिक अवस्था

संस्कृति एक बहुत ही व्यापक शब्द है। यहाँ इस युगकी चित्रकला, मूर्त्तिकला, वास्तुकला, संगीतकलाके बारेमें ही दो-चार शब्द हम कहना चाहते हैं। पाँचवीं-छठीं

---

[1] देखो "मानव-समाज"

सदी भारतीय कलाके मध्याह्नका युग था। सातवीं सदी तक पूर्व-अर्जित मान बना रहा। आठवीं-नवीं सदीमें कुछ ह्रास जरूर होने लगा, लेकिन पतन पूरी तौरसे दसवीं सदीमें दिखलाई पड़ता है। खास करके यह बात चित्र और मूर्त्ति-कलाके बारेमें बहुत देखी जाती है। दसवी शताब्दी और उसके बादकी मूर्त्तियाँ बिल्कुल ही बदसूरत और भावशून्य हैं। वैसे तो तीर्थंकरकी मूर्त्तियोंको बनानेमें पहिलेसे भी कलाकार बेगार-सी टालते दीख पड़ते थे। पाँचवीं, छठीं, सातवीं सदीकी कुछ बुद्ध मूर्त्तियाँ बडी सुन्दर हैं, मगर आठवीं सदीके बाद तो बुद्ध और तीर्थंकरोंकी मूर्त्तियाँ निरी पाषाण-सी रह गई हैं। हाँ, बोधिसत्त्वों और ताराकी मूर्त्तियाँ नवीं-दसवीं सदीमें उतनी बुरी नही देख पड़ती, बल्कि कोई-कोई तो बहुत सुन्दर हैं, खास करके कुर्किहारकी आठवीं-नवीं सदीकी कितनी ही पीतलकी मूर्त्तियाँ बहुत सुन्दर है। दसवीं, ग्यारहवीं सदीके कुछ चित्रपट तिब्बतमें मौजूद हैं। लदाख और स्पितिके बौद्ध मठोंमें कुछ भित्ति-चित्र भी बहुत अच्छे हैं। लेकिन दसवी-ग्यारहवीं सदीके जो चित्र जैन और बौद्ध ताल-पोथियों-पर मिले हैं, वे जरूर भद्दे हैं। जान पड़ता है नवीं सदीके बाद अपवाद रूपसे ही कोई-कोई अच्छे चित्रकार और मूर्त्तिकार रह गये। कला जितनी दूर तक अव-नत हो चुकी थी और जिस तरहके भद्दे नमूनोंको तैयार किया जा रहा था, उसे देखनेसे महमूदके आक्रमणके बाद—खासकर बारहवीं सदीके बाद—से जो चित्र-मूर्त्तिकलाकी ओरसे उदासीनता बर्त्ती जाने लगी, वह अनुचित नहीं थी। वास्तुशिल्प और खासकर पत्थरोंकी नक्काशी बारहवीं शताब्दीमें उतनी बुरी न थी। देलवाड़ाके जैन मंदिरोंमें संगमर्मरपर खुदे कमल मधुच्छत्र बहुत सुन्दर हैं, यद्यपि उनमें अलंकरणकी मात्रा जरूरतसे ज्यादा दीख पड़ती है, जिससे गुप्तकालीन सादे सौम्य सौन्दर्यकी उसमें कमी है। तो भी, संगमर्मरको मोम या मक्खनकी तरह अपनी छिन्नियोंसे काट-काटकर कलाकारने जो कौशल दिखाया है, वह सराहनीय है। लेकिन उसी पत्थरमें जो मूर्त्तियाँ बनी हुई हैं, उनसे विश्वास ही नहीं होता, कि उतने सुन्दर कमल और मधुच्छत्र बनानेवाले हाथ इतनी भद्दी मूर्त्तियाँ भी बना सकते है। बारहवीं सदीके बाद तो एक तरह चित्र और मूर्त्तिकलाका दिवाला ही निकल जाता है।

इस युगमें संगीतकी ओर भी ध्यान दिया गया था। आजकलकी कितनी ही राग-रागिनियोंका वर्गीकरण और नामकरण अपभ्रंश-साहित्यके आरंभके साथ होता है। नृत्य और संगीतकी ओर यद्यपि सामन्त-वर्ग बहुत ध्यान देता था और सामन्त-कन्याओंकी शिक्षामें वह अनिवार्य विषय था; लेकिन अब राज-कुमारियाँ दंडीके समयकी तरह अपने कौशलका प्रदर्शन खुले आम नहीं कर सकती थी। खुले आम नृत्य-संगीतकी जिम्मेवारी अब केवल वेश्याओंपर रह गई थी।

यद्यपि हमारे युगमें कालिंजरमे "प्रबोध-चंद्रोदय" जैसे कुछ नाटक लिखे गए, मगर जान पड़ता है, अब नाटकोंका समय बीत चुका था। जहाँ नाटकके लिए जबर्दस्त प्रेरणा स्वाभाविक मानव-जीवन था, वहाँ अब वेदान्त और दर्शन अपने ध्यान-ज्ञान और राग-द्वेष आदिके रूपमें नाटकोंके लिए पात्र देने लगे, फिर वह नाटक कैसा होगा, यह आप खुद समझ सकते हैं।

सामन्तोंकी विलासिताने कुछ नई कलाओंकी भी सृष्टि की। स्वयंभूने राष्ट्रकूट ध्रुव और उसके उत्तराधिकारीके जल-क्रीड़ा-मण्डपमें जो देखा-सुना था, उसीका वर्णन अपने रामायणमें जल-क्रीड़ाके रूपमें किया। उस समय सामन्तोंके स्नान-कुण्ड, स्नान-मण्डप उसके खंभे और दीवारोंके अलंकृत करनेमें जंगम और स्थावर रत्नोंका व्यय दिल खोल कर किया जाता था। सामन्तोंकी कलाका प्रधान उद्देश्य होता ही था कामोद्दीपन। वस्तुतः सामन्तोंके जीवन-का आदर्श ही था—खाओ, पिओ, मौज करो। धर्म, दर्शन सारे उसके लिए दिखावे और जब तब मन बहलावकी चीज थे।

६. साहित्यिक अवस्था

हमारा यह साहित्य-युग उस वक्त आरंभ होता है, जब कि बाण और हर्ष-वर्धनको रंगमंच छोड़े बहुत देर नही हुई थी। कवियोंमें अश्वघोष, भास, कालि-दास, दण्डी भवभूति, और बाणकी कृतियाँ बहुत चावसे पढ़ी जाती है। स्वयंभू-ने इन पुराने कवियोंके प्रति अपनी कृतज्ञता साफ प्रकट की है। सिद्धोंमेंसे भी सरहपा, तिलोपा, शान्तिपा जैसे कितने ही संस्कृतके बड़े-बड़े पंडित थे; हाँ, जब

वे भाषा-कविता लिखने बैठते, तो अपने संस्कृत-भाषाके ज्ञानको भूल जाते थे। तभी वह इतनी सरल भाषामें लिखनेमें सफल हुए।

कविता और कविको सदा आश्रयकी जरुरत होती है। वह युग सामन्तोंका था। जिस काव्य और कविको सामन्त-वर्गका आश्रय प्राप्त था, वह आर्थिक लाभके तौर पर ही सफल नहीं होता, बल्कि वह चिरस्थायी होनेका अधिकार रखता था। हर युगकी तरह उस समय भी साधारण जनताकी रुचिको पूर्ण करनेके लिए कविताएँ बनती थी। मगर उनके चिरस्थायी होनेके मार्गमें बहुत सी बाधाएँ थीं। यद्यपि स्वयंभू और पुष्पदन्त जैसे कवि अत्यन्त असाधारण कवि थे, मगर उनके लिए सामन्ती दर्बारोंमें वह भी सुभीता नहीं था, जो कि किसी थर्ड-क्लास संस्कृतके विद्वानका होता था। पुष्पदन्तने तो इसीलिए बल्कि झुँझलाकर कह भी दिया कि जिस वक्त प्रभुवर्गकी यह हालत है, उस वक्त हमारे जैसोंके लिए जंगलमें गुमनाम मारे-मारे फिरते रहना ही अच्छा है। इसीलिए पुष्पदन्तने सामन्तोंके चमर और अभिषेक जलको सज्जनताको धो-बहानेवाला ठहराया। उत्तर-कुरु वैसे भी एक वर्गहीन सुजल, सुफल, सुखी देशके तौरपर प्रसिद्ध था, मगर पुष्पदन्तके पहिले हीसे कवि लोग उसे भूल गए थे। पुष्पदन्तने "न दास न कोउ राज" "मानव दिव्य", "अगर्व सुभव्य, समानहिं सर्व" कहकर "अहो कुरु-भूमि निशंसय स्वर्ग" कहा, इससे भी जान पड़ता है कि देशभाषाके प्रतिभाशाली कवियोंको कितनी प्रतिकूल स्थितिमें रहना पड़ता था। स्वयंभू जैसे महान् कविको भी किसी बड़े दर्बारमें स्थान न पा एक गुमनामसे अधिकारी धनंजय, रयडाके आश्रयमें रहकर जिन्दगी गुजार देना भी उसी बातको पुष्ट करता है। अभी चक्रवर्त्ती लोग संस्कृत और थोड़ा-बहुत प्राकृत—जो कि अब मृत-भाषा बन चुकी थी—पर ही ज्यादा निगाह रखते थे। शायद वह समझते थे, कि देशी-भाषामें गुथी उनकी कीर्त्ति-माला चन्द ही दिनोंमें कुम्हला जाएगी, अमर कीर्त्ति तो संस्कृत काव्यों द्वारा ही मिल सकती है, इसीलिए उन्हें अपभ्रंश कवियोंकी ओर ज्यादा ध्यान देनेकी जरूरत नहीं थी।

सिद्धोंके लिए इस बारेमें कोई दिक्कत नहीं थी। उन्हें किसी दर्बारके

आश्रयकी उतनी जरूरत नहीं थी, जितनी कि दर्बारको। जल्द सुला देनेवाली उनकी मीठी गोलियोंका जनतापर बहुत प्रभाव था—विचित्र जीवनके कारण दिव्य चमत्कारके कारण, अथवा ज्ञान-विज्ञानके कारण कह लीजिए; राजा सिद्धोंकी पूजा-अर्चामें सबसे आगे रहना चाहते थे। शान्ति पा या रत्नाकर शान्तिको गौड़ नरेश उसी तरह आँखोंपर रखनेके लिए तैयार थे, जैसे मालव-दर्बार या सिंहलेश्वर।

(१) **सिद्धोंकी कविता**—शायद कविताके रूढ़ि-बद्ध संकीर्ण लक्षणको लेने-पर कबीरकी तरह सिद्धोंकी कविता भी कविता न गिनी जाए या कमसे कम अच्छी कविता न समझी जाए; लेकिन लाखों नर-नारियोंको उनमें रस, एक तरह-की आत्म-तृप्ति मिलती थी और आज भी उस तरहकी मनोवृत्ति रखनेवाले कितने ही पाठकोंको वह उतनी ही रुचिकर मालूम होती है; इसलिए उन्हें कविता मानना ही पड़ेगा। यह ठीक है, उनकी भाषा सीधी-सादी है समझनेमें बहुत सुगम है, लेकिन यह कविताका कोई दोष नहीं। साथ ही यह भी याद रखना चाहिए, कि सिद्धोंकी सीधी-सादी भाषाको भी लोगोंने खींचातानी करके दृष्टकूट बना उनकी भाषाको "सन्ध्या-भाषा" बना डाला, और फिर तो वह उतनी ही दुर्बोध और क्लिष्ट हो गयी, जितना कि श्रीहर्षका "नैषध" या माघका "शिशुपाल-वध"।

हम बतला चुके हैं, आदिम सिद्ध किस तरह कृत्रिम बहु-निर्बन्ध-पूर्ण जीवनको सहज-जीवनका रूप देना चाहते थे और इसके लिए समाजके चौधरियोंकी कितनी ही रूढ़ियोंको वह तोड़-फेंकना चाहते थे। उनका उद्देश्य कभी नही था कि लोग सहज-जीवन बितानेके लिए अँधेरी कोठरियों और "गुह्य-समाजों"का आश्रय लें। वह इस बातमें सफल नही हुए और उनका सहज-यान भी सामन्त-समाजका एक दूसरा कोढ़ बनकर रह गया। उनके आशावादको भी आगे बढ़नेका अवसर नहीं मिला। हाँ, अलख-निरंजनका जो राग उन्होंने गाया, वह चिरकालके लिए अपना असर छोड़ गया। यद्यपि सिद्धोंके अलख-निरंजनसे राम-रहीम या ईश्वर-परमेश्वरसे कोई संबंध नहीं था। वह तो पंडितों और रूढ़िवादियोंके शास्त्र, वेद, पोथी-पत्रेसे न जाने जा सकनेवाले—अ-लख, विशुद्ध सत्य—को बतलाता

था, जो कि वस्तुतः बौद्धोंके निर्वाणक ही विशेषण है। लेकिन पीछेके चेलों—कबीर नानकसे लेकर राधास्वामी दयाल तक—ने उसका और ही अर्थ लगाकर लोगोंको मुक्तिकी ओर नही दिमागी गुलामीकी ओर ढकेला।

सिद्ध पुरानी रुढ़ियों, पुराने पाखण्डोंके बहुत विरोधी थे। आदिम सिद्धोंने तो सरहकी तरह अपने बड़े सम्मान और सुखी जीवनकी भी पर्वाह नहीं की। सरह किसी वक़्त नालन्दाके एक बड़े प्रतिष्ठित पंडित थे। मगर जब उन्हें वहाँका जीवन दमघोंटू लगने लगा, तो उन्होंने सब कुछको लात मारा, भिक्षुओंका बाना छोड़ा, अपनी (ब्राह्मण) नहीं किसी दूसरी छोटी जातिकी तरुणीको लेकर खुल्लमखुल्ला सहजयानका रास्ता पकड़ा। सरहने सिर्फ़ दूसरे ही पन्थोंके पाखण्डोंका खण्डन नहीं किया, बल्कि बौद्धोंको भी नही छोड़ा। इस बातका अनुकरण पीछेके सन्तोंमें भी पाया जाता है, लेकिन अपने पन्थ और मतको बचाकर। यद्यपि ये पुराने सिद्ध किसी पाखण्डको फैलाना नहीं चाहते थे, लेकिन पीछे उन्हींके नामपर कितने ही मंत्र-तंत्र और पाखण्ड चल पड़े। सिद्धोंने सुख-दुख और दुनियाकी सभी समस्याओंको केवल व्यक्तिके रूपमें देखा। उन्हें ख़्यालमें भी नहीं आया, कि समाजकी बुराइयोंको सामाजिक रूपसे ही दूर करनेपर सफलता मिल सकती है। लेकिन जैसा कि हमने पहिले लिखा है, सिद्धोंको निराशावाद छू नहीं गया था। वह निराशावाद, योग-वैराग्यसे लोगोंका पिण्ड छुड़ाना चाहते थे और उन्होंने मरनेके पीछे मिलनेवाले निर्वाणके पीछे भागनेवाले लोगोंकेलिए इसी संसारमें स्वाभाविक भोगमय जीवन बितानेका आदर्श उपस्थित किया। सिद्धोंने आत्मावलंबनको यद्यपि पसन्द किया, मगर साथ ही गुरुकी महिमाको उन्होंने इतना बढ़ाया, कि पीछे वही अन्धेरगरदीका एक भारी साधन बन गया। सिद्धोंके बाद जैन रहस्यवादी कवि, कबीर, दादू, राधास्वामी सबने गुरुकी अनन्य भक्तिका राग अलापा।

सिद्धोंकी कवितामें अधिकतर सहजयान और रहस्यवाद ही मिलता है। जिनकी सामन्त-समाजको कभी-कभी ज़रूरत पड़ती थी, उनको आवश्यकता ऐसे काव्योंकी थी, जिनमें शृंगार और वीररसका ज़ोर हो।

(२) **शृंगार और वीररस**—उस समयके सामन्त-जीवनका उद्देश्य था

चाहे जैसे भी हो दुनियाका आनन्द खूब डट करके लेना। ऐसा कहनेसे आचारके नियमोंके विरुद्ध जानेकी ज़रूरत नहीं है; क्योंकि पुरोहित और महन्त अपने मालिकोंकी रुचिके अनुसार हर वक़्त नये धर्मशास्त्र और नये आचार-नियम बनानेके लिए तैयार थे। हाँ, भोग निष्कंटक नहीं हो सकता था। हर वक़्त एक सामन्तको दूसरे सामन्तसे ही खतरा नहीं था, बल्कि खुद अपने भाई-बहिनोंसे भय लगा रहता था। यदि ज़रा भी चूके, कि भोग और जान दोनोंसे हाथ धोना पड़ा। इसीलिए सामन्तोंको भोगके लिए पूरी क़ीमत अदा करनेको तैयार रहना पड़ता था। स्वयंभू और पुष्पदन्तने सामन्त-जीवनके इन दोनों पहलुओं—भोग भोगना और मृत्युको तृणवत् समझना—का सुन्दर चित्रण किया है, इतना सुन्दर चित्रण पीछेके काव्योंमें हमें नहीं मिलता। सामन्तको मृत्युकी कोई पर्वाह नहीं थी, न मृत्युके बादकी। विजय हुई तो उसके चरणोंमें सारे भोग पड़े हैं। हाँ, यदि कभी पराजयका मुँह देखना पड़ा, तब या तो सरहपाके पास जाना पड़ता या किसी अपने कविसे निराशावादकी बात सुन सन्तोष करना पड़ता। स्वयंभू और पुष्पदन्तने पराजित सामन्तोंके लिए काफ़ी सन्देश छोड़े हैं।

हेमचन्द्रके संगृहीत एक पदमें "बापकी भूमड़ी" (पितृ-भूमि)के लिए सर्वस्व-उत्सर्ग करनेकी जो भावना दर्शायी गई है, उसे देखकर हमारे कितने ही पाठक शायद उछल पड़ें। लेकिन यह बापकी भूमड़ी साधारण जनताके ख्यालसे नही कही गई। यह सामन्तोंकी अपने हाथसे निकल गई बापकी भूमड़ी—निरंकुश राज—को फिरसे लौटानेके लिए आदेश है। अस्सी फ़ीसदी जनता और भविष्यकी सारी पीढ़ियोंके सुख और स्वार्थका वहाँ कोई ख्याल नही था।

तब और पीछेके भी कवि सन्देश देते हैं—काया नरक, संसार तुच्छ, कोई किसीका नहीं। यह कोई उच्च भावनाका परिचायक नहीं है। चूँकि उनके जीवनके कुछ महीने या कुछ बरस दुखमें कटे और जिस दुखका कारण भी बहुत कुछ समाजकी विषमनीति है, जिसे कि हटानेसे बहुतसे दुखोंके कारण खतम हो सकते हैं। लेकिन कविने अपने उस थोड़े समयके दुखको इतना बड़ा करके देखा कि उसे आनेवाली हज़ारों पीढ़ीके सुख-दुखका कुछ भी ख्याल

नहीं आया। एक जीवनके सुख-दुखसे आनेवाली अगनित पीढ़ियोंका सुख-दुख परिमाणमें कहीं अधिक है, लेकिन जो उसका न ख्यालकर सिर्फ़ अपने हीको सब कुछ समझ लेता है, क्या यह उसकी अत्यन्त निम्न कोटिकी स्वार्थान्धता नहीं है ? हमारे कवियोंने व्यक्तिके सामाजिक कर्त्तव्यकी ओर ध्यान नहीं दिया। उसका कारण था, वही सामन्त-समाज, जिसके हाथमें सारे समाजकी नकेल थी और जो व्यक्तिगत आनन्दको ही सर्वोपरि चीज़ समझता था। हमारे आजके भी कवि जब ऐसी ग़लती कर बैठते हैं, तो इन पुराने कवियोंको दोष देनेकी क्या ज़रूरत। वस्तुतः कवियोंने अत्यन्त संदिग्ध परलोकवाद और वैयक्तिक निराशावादपर जितना ज़ोर दिया, उससे ज़्यादा उन्हें चाहिए था, अपनी आगेवाली पीढ़ियोंके मुँहकी ओर देखना—जो पीढ़ियाँ कि संदिग्ध और काल्पनिक नहीं बिल्कुल वास्तविक हैं, यह बात खुद उन्हें अपना अस्तित्व बतला देता। केवल अपने लिए अनन्तजीवनकी मिथ्या आशाकी वेदीपर उन्होंने आनेवाली पीढ़ियोंके वास्तविक अनन्त-जीवनकी बलि चढ़ा देनेमें ज़रा भी आनाकानी नहीं की।

(३) **कुछ कवियोंका मूल्यांकन**—(क) **स्वयंभू**—हमारे इसी युगमें नहीं हिन्दी-कविताके पाँचों युगों (१—सिद्ध-सामन्त-युग, २—सूफ़ी-युग, ३—भक्त-युग, ४—दर्बारी-युग, ५—नवजागरण-युग)के जितने कवियोंको हमने यहाँ संग्रहीत किया है, उनमें यह निस्संकोच कहा जा सकता है, कि स्वयंभू सबसे बड़ा कवि था। वस्तुतः वह भारतके एक दर्जन अमर कवियोंमेंसे एक था। आश्चर्य और क्रोध दोनों होता है कि लोगोंने कैसे ऐसे महान् कविको भुला देना चाहा। स्वयंभूके रामायण और महाभारत (या कृष्ण-चरित्र) दोनों ही विशाल-काव्य हैं। उनके विशाल आकारको देख-कर सन्देह हो सकता है कि कविने कितनी जगह काव्य-शरीरको जैसे-कैसे भी फुलानेकी कोशिश की होगी, मगर ऐसा प्रयत्न सिर्फ़ वहीं देखनेमें आता है, जहाँ अपने सहधर्मियोंकी ज़बर्दस्तीके कारण वह जैन-धर्मकी कितनी ही नीरस रूढ़ियोंको बखाननेके लिए मजबूर होता है—ठीक वैसे ही जैसे कुशल चित्रकार और मूर्त्तिकार तीर्थंकरोंकी मूर्त्ति बनानेमें बेगार टालने लगते। हम समझते

हैं कि ऐसे बेगारवाले अंश कविके कविता-कलवरके अभिन्न अंग नही है। उनके हटा देनेसे न कथानककी शृंखला ही टूटती है और न रसधारा ही।

यद्यपि स्वयंभू वाणसे "घनघनऊ" या समास उधार लेनेकी बात कहता है, लेकिन हर्षचरित और कादंवरीके विकट समासोंका स्वयंभूमें पता नहीं लगता। स्वयंभूकी भाषाका प्रवाह बिल्कुल स्वाभाविक है। उसने ख़ामख़्वाह दुरूहता लानेकी कही कोशिश नही की। पद्य-स्वर बड़े ही कर्णप्रिय है। शब्द बिल्कुल नपे-तुले हैं, और रस-परिपाक तो बराबर ऊपर और और ऊपर उठता जाता है। उसका कवि-कौशल कितना श्रेष्ठ है, यह इसीसे मालूम होगा कि मैंने रामायणसे शृंगार, वीर, वीभत्स, आदिके उदाहरणोंको जब जमा किया, तो ग्रन्थके कलेवरके बढ़ जानेके भयसे उनमेंसे एक ही एकको देना चाहा, मगर फिरसे पढ़नेपर मालूम हुआ, कि स्वयंभूके वर्णनमें हर जगह नवीनता है, इसलिए एकसे अधिक उद्धरण देनेके लिए मजबूर होना पड़ा।

स्वयंभूने प्रकृतिका बहुत गहरा अध्ययन किया है, यह हमारे दिये हुए उद्धरणोंसे मालूम होगा। समुद्र और कितने ही अन्य स्थलों, प्राकृतिक दृश्योंका वर्णन करनेमें वह अद्वितीय है। और सामन्त समाजके वर्णनमे उसकी किसीसे तुलना नही की जा सकती। किसी एक सुन्दरीके सौन्दर्यको जितना अच्छी तरह उसने चित्रित किया है, वह तो किया ही है, लेकिन सुन्दरियोंके सामूहिक सौदर्यका वर्णन करनेमें उसने कमाल कर दिया है। चित्रकारकी भाँति कविके सामने भी कोई साकार नमूना रहना चाहिए। स्वयंभूने राष्ट्रकूटोंके रनिवास और उनके आमोद-प्रमोदको नज़दीकसे देखा था। वहाँ परदा बिल्कुल नहीं था, इसलिए और सुविधा थी। उसी सौन्दर्यको उसने रावण और अयोध्याके रनिवासोंके सौन्दर्यके रूपमें चित्रित किया है।

विलाप-चित्रणमें भी उसने बड़ी सफलता प्राप्त की है। रावणके मरनेपर मन्दोदरी और विभीषणके विलाप सिर्फ़ पाठकके नेत्रोंको ही सिक्त नहीं कर देते, बल्कि उसका मन मन्दोदरी और विभीषण तथा मृत रावणके गम्भीर और उदात्त भावोंकी दाद देता है।

सामन्ती युगमें स्त्रियोंका अधिकार ही क्या हो सकता है? तो भी सिद्ध-

युग, तथा बादकी शताब्दियोंकी अपेक्षा उनकी अवस्था कुछ बेहतर ज़रूर थी। स्वयंभूने सीताका जो रूप रावणको जवाब देते और अग्नि-परीक्षाके समय चित्रित किया है, पीछे उसका कहीं पता नही लगता।

मालूम होता है, तुलसी बाबाने स्वयंभू-रामायणको ज़रूर देखा होगा, फिर आश्चर्य है कि उन्होंने स्वयंभूकी सीताकी एकाध किरण भी अपनी सीतामे क्यों नही डाल दिया। तुलसी बाबाने स्वयंभू-रामायणको देखा था, मेरी इस बातपर आपत्ति हो सकती है, लेकिन मै समझता हूँ कि तुलसी बाबाने "क्वचिदन्यतोपि"से स्वयंभू-रामायणकी ओर ही संकेत किया है। आख़िर नाना पुराण निगम आगम और रामायणके बाद ब्राह्मणोंका कौनसा ग्रंन्थ बाक़ी रह जाता है, जिसमें रामकी कथा आई है। "क्वचिदन्यतोपि"से तुलसी बाबाका मतलब है, ब्राह्मणोंके साहित्यसे बाहर "कही अन्यत्रसे भी" और अन्यत्र इस जैन ग्रन्थमें रामकथा बड़े सुन्दर रूपमे मौजूद है। जिस सोरों या शूकरक्षेत्रमें गोस्वामी जीने रामकी कथा सुनी, उसी सोरोंमें जैन-घरोंमें स्वयंभू रामायण पढ़ा जाता था। राम-भक्त रामानन्दी साधु रामके पीछे जिस प्रकार पड़े थे, उससे यह बिल्कुल सम्भव है कि उन्हें जैनोंके यहाँ इस रामायणका पता लग गया हो। यह यद्यपि गोस्वामी जीसे आठ सौ बरस पहले बना था किन्तु तद्भव शब्दोंके प्राचुर्य तथा लेखकों-वाचकोंके जब-तबके शब्द-सुधारके कारण अभी आसानीसे समझमें आ सकता था। जो उद्धरण हमने यहाँ दिये है, उनमेसे कितनोंका प्रभाव रामचरितमानसके कई स्थलोंपर दिखलाई पड़ेगा। इसका यह हरगिज़ मतलब नही, कि गोसाईजीने भाव वहाँसे चुराया, या उनकी प्रतिभा सिर्फ़ नक़ल करनेकी थी; गोस्वामी जीकी काव्य-प्रतिभा स्वतः महान् है। उसे पहलेकी प्रतिभाओंका वैसे ही सहारा मिला होगा, जैसे हरेक बालकको अपने पूर्वजोंकी कृतियोंकी सहायतासे अपने ज्ञानका विस्तार करना पड़ता है।

(ख) **पुष्पदन्त**—पुष्पदन्तका नम्बर स्वयंभूके बाद आता है, किन्तु इस युगके बाक़ी कवियोंमें उसका स्थान बहुत ऊँचा है। पुष्पदन्तकी उपाधियोंमें **अभिमान-मेरु** बिल्कुल यथार्थ मालूम होता है। मंत्री भरतको इस फक्कड़

कविकी बहुत नाज़बरदारी करनी पड़ी होगी। अमीरोंके लिए तो उसने पहले ही कह दिया था "चमरानिलही उड़ेउ गुणाइँ"। "अभिषेक धोंयउ-सुजनत्तननाय।" कृष्णराजके दर्बारमें पुष्पदन्त कभी अपने मनसे गया होगा, इसमें सन्देह ही मालूम होता है। पुष्पदन्तने विरहका वर्णन बड़ा सुन्दर किया है और ग़रीबीका भी। अमीरोंके विलासको छोड़कर तो वह महाकाव्यको लिख ही नही सकता था, इसलिए वह तो ज़रूरी ही था; मगर सामन्तोंकी संक्षिप्त किन्तु अतिकठोर आलोचना की है कुछ ही शताब्दियों पहले अपनी प्रजातंत्रीय स्वतंत्रतासे वंचित मगर अब भी जब-तब लड़ती रहनेवाली यौधेयकी भूमिका इतना आकर्षक वर्णन और अन्तमें उत्तर-कुरुकी धनी-ग़रीब-रहित दास-राजा-शून्य दिव्य-मानववाली भूमिकी भारी तारीफ़ बतलाती है कि पुष्पदन्तका व्यक्तित्व किसी दूसरी ही तरहका था, जिसके लिए उस कालकी परिस्थिति अनुकूल नहीं थी।

(ग) **दो कलिकाल-सर्वज्ञ**—हमारे इस युगमें दो "कलिकाल-सर्वज्ञ" भी हैं। सिद्ध शान्तिपा या रत्नाकरशान्ति (१००० ई०) भारतके शायद सर्व-प्रथम "कलिकाल-सर्वज्ञ" थे। गौड़ नृपतिके राजगुरु और विक्रमशिलाके प्रधान होनेसे भी मालूम हो सकता है, कि वह अपने समयके असाधारण पण्डित थे। शान्तिपाके कुछ दर्शन और एक छन्दःशास्त्र "छन्दो-रत्नाकर" ग्रन्थ अब भी बच रहे हैं। दूसरे कलिकाल-सर्वज्ञ है आचार्य हेमचन्द्रसूरि (१०८८-११७९)। इनके संस्कृत-प्राकृत ग्रन्थ बहुत प्रसिद्ध है। अपनी मातृभाषामें उन्होंने कोई स्वतंत्र काव्य रचा था, इसकी कम सम्भावना है। लेकिन अपने व्याकरण 'छन्दोनुशासन' और "देशी-नाममाला" (कोष) द्वारा जो सेवा उन्होंने हमारी भाषाकी की है, वह स्मरणीय है। अपने व्याकरण और छन्दोनुशासनमें उदाहरणके तौरपर उन्होंने अपभ्रंशके बड़े सुन्दर-सुन्दर सैकड़ों पद्य उद्धृत किये हैं, जिससे मालूम होता है कि वह इस भाषाको लम्बी नाकवाले पंडितोंकी तरह उपेक्षणीय नहीं समझते थे।

(घ) **कवि अब्दुर्रहमान**—अब्दुर्रहमान हिन्दीका प्रथम मुस्लिम कवि है। (उसकी) भाषा और कलासे मालूम होता है कि कविकी वाणी खूब मँजी

हुई है। मधुर शब्दोंके चुनाव तथा सरल और प्रवाहयुक्त भाषा लिखनेमें अब्दुर्रहमानने बड़ी सफलता प्राप्त की है। अफ़सोस है कि इतने सुन्दर कवि-की इतनी कम कविता हमें प्राप्त है। वह भी लुप्त हो गई होती, अगर किसी जैन-पुस्तक-भंडारने रक्षा न की होती। मंगलाचरणकी कुछ पंक्तियोंको छोड़-कर इसकी कवितामें धर्म कहीं छू नहीं गया। कविके वास्तविक कालके बारे-में हमें कुछ नहीं मालूम, लेकिन जान पड़ता है कविकी जन्म-भूमि मुलतानके महमूदके हाथमें जानेसे पहले अब्दुर्रहमान मौजूद थे।

(४) कवियोंकी अमर कीर्त्ति

कवियोंने संसार तुच्छ, कोई किसीका नही, काया नरक आदि बातोंका प्रचार करके सामन्तोंका ही हित किया, साधारण जनता और आगे आनेवाली पीढ़ीका तो इससे घोर अहित हुआ। उन्होंने उत्पीड़ित प्रजाका पक्ष लेना तो दूर, उनके कष्टों तथा कारणोंके चित्रण करनेका भी प्रयास नहीं किया—इत्यादि-इत्यादि कितने ही दोष उनके ऊपर लगाए जा सकते है; लेकिन इसकी ज़िम्मेवारी बहुत कुछ तत्कालीन परिस्थिति और समाजपर है, इस बातका अपने पुराने महान् कवियोंके संबंधमें कोई फ़ैसला देते वक्त हमें हमेशा ख्याल रखना होगा। सबसे बड़ी बात यह है, कि दोष भी तभी तक लोग देखेंगे, जब तक हमारी दुनिया नई नही बनती, इसकी सारी गंदगियाँ दूर नहीं हो जातीं। एक बार जहाँ हमारे समाजका कलेवर बदला, कि कवियोंकी महिमा सिर्फ़ उनके कवित्वके कारण होगी। रामके हाथों मुक्ति पानेवालोंका जब हमारे देशमें नाम भी नहीं रह जाएगा, तब भी तुलसीकी क़द्र होगी। स्वयंभूके धर्म (जैन)का अस्तित्व भी न रहनेपर स्वयंभू नास्तिक भारतका महान् कवि रहेगा। उसकी वाणीमें हमेशा यह शक्ति बनी रहेगी कि कहीं अपने पाठकोंको हर्षोत्फुल्ल कर दे, कहीं शरीरको रोमांचित बना दे और कही आँखोंको भीगनेके लिए मजबूर कर दे। सनातन-तुलामें नापनेपर हमारे कवियोंका सम्मान शताब्दियोंके बीतनेके साथ अधिक और अधिक बढ़ता जाएगा। जिस वक़्त शत-प्रतिशत जनता शिक्षित और संस्कृत होगी, जिस वक़्त कलाकी निष्पक्ष परखका मान

और ऊँचा होगा, उस वक़्त हमारे कवियोंका कीर्त्ति-कलेवर, उनका आसन और ऊँचा होगा।

कालने बड़ी बेदर्दीसे हमारे पुराने कवियोंकी छँटाई की है। जाने कितने उच्च काव्योंसे आज हम वंचित हैं। लेकिन इस छँटाईके बाद जो कुछ हमारे पास बचकर चला आया है, उसकी क़द्र और रक्षा करना हमारा कर्त्तव्य है। ऐसा करके ही हम अपने पूर्वजोंका उत्तराधिकारी होनेका दावा कर सकते हैं।

हम चाहते है कि आदिसे लेकर आज तकके सभी महान् कवियोंकी कृतियोंको पाठकोंके सामने इस तरह रखा जाए, जिसमें वह काव्य-रसका अच्छी तरह आस्वादन कर सकें, कवियोंके मुखसे तत्कालीन समाजकी आप-बीती जान सकें और कवि-परंपराने किस तरह आनेवाली पीढ़ियोंको प्रेरणा और सहायता दी, इसे भी अच्छी तरह समझ सकें। हमारे संग्रहका पाँच युगोंवाला वर्त्तमान प्रयास सिर्फ़ बीचवाला भाग है जो चार खंडोंमें समाप्त होगा। बीसवीं सदीके कवियोंका संग्रह पाँचवाँ खण्ड होगा और वेदसे लेकर पीछे तकके संस्कृत-पाली-प्राकृत कवियोंका सूक्ति-संग्रह एक अलग खण्ड। उस खण्डमें छायासे काम नहीं चलेगा और मूल-भाषाका देना भी बेकार होगा, लेकिन हम चाहेंगे कि अनुवाद पद्य-बद्ध हों और जहाँ तक हो सके उन्हीं छन्दोंमें; लेकिन यह काम कवि ही कर सकते हैं। यदि ऐसे कवि उसे अपने हाथमें लेना चाहेंगे, तो हम सहर्ष उनकी यथायोग्य सहायता करेंगे।

प्रयाग
१४-८-४४

राहुल सांकृत्यायन

विषय-सूची

पृष्ठ

१ : आठवीं सदी

§ १. सरहपा (७६० ई०) २

१. दोहा ,,

(१) रहस्यवाद ,,

(२) पाखंड-खंडन ४

(३) मंत्र-देवता बेकार ,,

(४) सहज-मार्ग ६

(५) भोगमें निर्वाण ,,

(६) काया तीर्थ ८

(७) गुरु-महिमा ,,

(८) सहज संयम १२

(९) कमल-कुलिश साधना १४

२. गीत १६

(१) संसार-निर्वाणका भेद बनावटी ,,

(२) सहज-मार्ग १८

§ २. शबरपा (७८० ई०) २०

रहस्यवाद ,,

§ ३. स्वयंभू देव (७९० ई०) २२

१. आत्म-परिचय ,,

(१) कविका आत्म-निवेदन ,,

(२) रामायण-रचना २६

२. ऋतु-और काल-वर्णन ,,

(१) पावस ,,

(२) वसंत ३०

(३) संध्या-वर्णन ३२

३. भौगोलिक वर्णन ,,

(१) देश-वर्णन ,,

(२) नगर-वर्णन ३४

(क) राजगृह ,,

(ख) महेन्द्रनगर ,,

(ग) दधिमुखनगर ३६

(३) समुद्र-वर्णन ,,

(४) नदी (गोदावरी)-वर्णन ३८

(५) वन-वर्णन ४०

(६) मातृभूमि (अयोध्या)-प्रशंसा ,,

(७) यात्रा-वर्णन ,,

(क) हनूमानकी लंकासे अयोध्याकी यात्रा ,,

(ख) रामकी लंकासे अयोध्या-यात्रा ४६

४. सामन्त-समाज ,,

(१) भोजन-प्रकार ,,

(२) नारी-सौन्दर्य ४८

(क) सीता ,,

(ख) मन्दोदरी ५०

(ग) रावण-रनिवास ५२

(घ) अयोध्याका रनिवास ५४

	पृष्ठ
(ङ) भिन्न-भिन्न देशोंकी नारियाँ	५६
(३) जल-क्रीड़ा	५८
(४) प्रेम (काम)-अवस्था	६०
(५) विरह (सीता)	६२
(६) मिलन (सीता-राम)	६४
(७) नारी-अधिकार	६६
(क) रावणको सीता-का जवाब	,,
(ख) अग्नि-परीक्षाके समय सीता	६८
५. सामन्त और युद्ध	७०
(१) सामन्त (राम)-वेष	,,
(२) देश-विजय (देशोंके नाम)	७२ ,,
(३) योधाओंकी उमंगें	७४
(४) पत्नीसे बिदाई	७६
(५) रण-यात्रा	७८
(६) सैनिक बाजे	८०
(७) युद्ध-वर्णन	८२
(क) मेघवाहनका युद्ध हथियारोंकी शक्तिकी तुलना	,,
(ख) मेघवाहन-हनूमान-युद्ध	८४
(ग) हनूमानका युद्ध	८८
(घ) कुंभकर्णका युद्ध	९०
(ङ) सुग्रीव-मेघवाहन-युद्ध	९२
(च) रावणका शरीर	९४
(छ) लक्ष्मण-रावणयुद्ध	९६
(८) रण-क्षेत्र	९८
(९) विजयोत्साह	१००
(१०) लक्ष्मणके हाथ रावण-की मृत्यु	,,
६. विजय	१०२
(१) विजयिनी-रामसेनाका लंका-प्रवेश	,,
(२) विभीषण द्वारा रामका स्वागत	,,
(३) भरत द्वारा अयोध्यामें रामका स्वागत	,,
(४) शत्रु-वीरकी प्रशंसा (वीर-रावण)	१०४ ,,
७. विलाप	१०६
(१) नारी-विलाप	,,
(क) अयोध्या-अंतःपुर-का०	,,
(ख) रावण-परिजन-विलाप	१०८
(ग) मन्दोदरि-विलाप	११०
(२) बंधु-विलाप	११२

	पृष्ठ
(क) दशरथ-विलाप	११२
(ख) राम-विलाप	११४
(ग) भरत-विलाप	११६
(घ) रावण-विलाप	११८
(ङ) विभीषण-विलाप	१२०
८. कविका संदेश	१२२
(१) काया-नरक	,,
(२) गर्भवास दुःख	१२४
(३) आवागमन दुःख	,,
(४) संसार तुच्छ	१२६
(५) कोई किसीका नहीं	१३०
(६) सामाजिक भेद-भाव धर्म-अधर्मसे	,,
§ ४. भुसुकपा(८००ई०)	१३२
रहस्यवाद	,,
२ : नवीं सदी	
§ ५. लुईपा (८३० ई०)	१३६
रहस्यवाद	,,
§ ६. विरूपा (८३० ई०)	१३८
रहस्यवाद	,,
§ ७. डोम्बिपा (८४० ई०)	१४०
रहस्यवाद	,,
§ ८. दारिकपा (८४० ई०)	,,
रहस्यवाद	,,
§ ९. गुंडरीपा (८४० ई०)	१४२

	पृष्ठ
§ १०. कुक्कुरीपा (८४० ई०)	१४२
§ ११. कमरिपा (८४० ई०)	१४४
§ १२. कण्हपा (८४०ई०)	१४६
(१) पंथ-पंडित-निन्दा	,,
(२) सहज-मार्ग	,,
(३) निर्वाण-साधना	१४८
(४) रहस्य-गीत	१५०
(५) वज्रगीत	१५४
§ १३. गोरक्षपा (८४५ई०)	१५६
१. आत्म-परिचय	,,
(१) मछेन्द्रके शिष्य	,,
(२) चौरासी सिद्धोंसे संबंध	,,
२. दर्शन	१५७
(१) सहज-यान	,,
(२) मध्य-मार्ग	१५८
(३) अलख-निरंजन	,,
(४) शून्यतत्त्व	१५९
(५) रहस्यवाद	,,
३. साधना और उलटवाँसी	१६१
(१) साधना	,,
(२) उलटवाँसी	,,
४. संदेश	१६२
(१) रूढ़ि-खंडन	,,
(२) राजा-प्रजा समान	१६३
(३) भोगमें योग	,,

	पृष्ठ
§ १४. टेंटणपा (८५० ई०)	१६४
§ १५. महीपा (८७० ई०)	,,
§ १६. भादेपा (८७० ई०)	१६६
§ १७. धामपा (८७० ई०)	,,
३ : दसवीँ सदी	
§ १८. देवसेन (९३३ ई०)	१६८
(१) सदाचार-उपदेश	,,
(२) दान-महिमा	१७०
(३) धर्माचरण-महिमा	,,
(४) धर्माचरण	,,
§ १९. तिलोपा (९५० ई०)	१७२
(१) सहज-मार्ग	,,
(२) निर्वाण-साधना	,,
(३) निरंजन-तत्त्व	१७४
(४) तीर्थ-देव-सेवा बेकार	,,
(५) भोग छोड़ना बुरा	,,
§ २०. पुष्पदन्त (९५९-७२)	१७६
१. आत्म-परिचय	,,
(१) कृष्णके स्कंधावारमें कवि	,,
(२) आश्रयदाता मंत्रीकी प्रशंसा	१७८
(३) भरतके घरमें स्वागत	१८०
२. काल-और ऋतु-वर्णन	१८२
(१) संध्या-वर्णन	,,
(२) पावस-ऋतु	१८२
३. भौगोलिक वर्णन	१८६
(१) हिमालय	,,
(२) देश-विजय	१८८
(३) यौधेय-भूमि	१९०
(४) मगध-भूमि	१९२
(५) मालव-ग्राम	,,
४. सामन्त-समाज	१९४
(१) राजत्वके दुर्गुण	,,
(२) राजदर्बार	१९६
(३) सामन्ती-भोग	,,
(क) वेश्या-बाज़ार	१९८
(ख) विवाह-वर्णन	,,
(ग) रानियोंका जीवन	२००
(घ) नारी-सौन्दर्य-वर्णन	,,
(ङ) नख-शिख-वर्णन	२०४
(च) कुपिता नायिका	२०६
(४) नारी-विलाप	,,
(५) युद्ध	२०८
(६) हस्ति-युद्ध-क्रीड़ा	२१२
५. धार्मिक आचार	२१४
(१) श्रोत्रिय कौन ?	,,
(२) कापालिकोंका धर्म-कर्म	,,

	पृष्ठ
६. कृष्ण लीला	२२०
(१) गोपियोंके साथ	,,
(२) पूतना-लीला	२२२
(३) ओखल-बंधन	,,
(४) देवकीनंद घरमें	२२४
(५) गोवर्धन-धारण	२२६
(६) कालिय-दमन	,,
(७) कृष्ण-महिमा	२३०
७. कविका संदेश	,,
(१) ग़रीबी	,,
(२) नीति-वचन	२३२
(३) सोहै	,,
(४) दर्शन-वेदान्त	२३४
(५) काया-नरक	,,
(६) संसार तुच्छ	२३६
(७) पूर्व-कर्मवाद	,,
(८) साम्यवादी द्वीप	२३८
§ २१. शान्तिपा (१००० ई०)	,,
रहस्यवाद	,,
§ २२. योगीन्दु (१००० ई०)	२४०
(१) ज्ञान-समाधि	,,
(२) अलख-निरंजन	२४२
(३) आत्मा	,,
(४) परमतत्त्व (परमात्मा)	२४४
(५) निरंजन-योग	२४६
(६) पंथ-पोथीपत्रा-निन्दा	२४८
(७) शून्य-ध्यान	,,
(८) योग-भावना	२५०
(९) सभी देव समान पूजनीय हैं	२५२
§ २३. रामसिंह (१००० ई०)	,,
(१) जग तुच्छ	,,
(२) निरंजन-साधना	२५४
(३) पाखंड-खंडन	२५६
(४) गुरु-महिमा	२५८
(५) मंत्र-तंत्र ध्यान-आदि बेकार	,,
§ २४. धनपाल (१०००ई०)	२६०
१. कवि-परिचय	,,
२. भौगोलिक वर्णन	२६२
(१) कुरु-जांगल-देश	,,
(२) गज (हस्तिना) पूर	,,
३. वाणिज्य-सार्थ	२६४
(१) बंधुदत्तके सार्थकी तैयारी	,,
(२) भविष्यदत्तकी माँका विरोध	,,
(३) माताका उपदेश	२६८
(४) सार्थ (कारवाँ) की यात्रा	,,
(५) समुद्र-यात्रा	२७०
४. सामन्ती वणिक्-समाज	२७२
(१) वसन्त-वर्णन	,,

	पृष्ठ
(२) नारी-सौन्दर्य	२७४
(३) आभूषण-सज्जा	२७६
(४) विरह-वर्णन	२७८
५. सामन्त-समाज	२८०
(१) राजद्वार (राजांगण)	,,
(२) सामन्ती-युगकी शिक्षा	२८२
(३) युद्ध (भविष्यदत्तका)	,,

४ : ग्यारहवीं सदी

§ २५. अज्ञात कवि (१०१०ई०)	२८६
१. तैलप द्वारा पराजित मुंजकी विपदा	,,
(१) मुंजका पश्चात्ताप	,,
(२) रुद्रादित्य मंत्रीकी सीख	२८८
(३) मुंजसे भीख मँगवाना	,,
२. सुखी कुटुंब	२९०
३. दासी-प्रेम-निन्दा	,,
४. नीति-वाक्य	,,
५. वैराग्य	,,
§ २६. अब्दुर्रहमान (१०१०ई०)	२९२
१—परिचय	,,
२—प्रोषित-पतिकाका सन्देश	,,
३—ऋतु-वर्णन	३०२
(१) ग्रीष्म	,,
(२) वर्षा	३०४
(३) शरद्	,,
(४) हेमन्त	३०८
(५) शिशिर	,,
(६) वसन्त	३१०
§ २७. बब्बर (१०५० ई०)	३१४
१. जन-जीवन	,,
(१) ग़रीबीका जीवन	,,
(२) सुखी-जीवन	,,
२. सामन्त-समाज	३१६
(१) कुलक्षणा स्त्री	,,
(२) नारी-सौन्दर्य	,,
(३) ऋतु-वर्णन	३१८
(क) ग्रीष्म	,,
(ख) पावस	,,
(ग) शरद	३२०
(घ) शिशिर	,,
(ङ) वसन्त	,,
(४) वीर-प्रशंसा	३२४
(५) कर्णराजाकी प्रशंसा	,,
(६) कविका सन्देश (जग तुच्छ)	३२६ ,,
§ २८. कनकामर मुनि (१०६० ई०)	३२८
१. भौगोलिक वर्णन	,,
(१) अंगदेश-वर्णन	,,
(२) चम्पानगरी	,,
(३) सिंहलद्वीप-वर्णन	३३०

	पृष्ठ
२. सामन्त-समाज	३३२
(१) राज-दर्शन	,,
(२) राजकुमार-शिक्षा	३३४
(३) पति-विरह-वर्णन	,,
(४) पत्नि-विरह	३३६
(५) दिग्विजय	३३८
(६) युद्ध-वर्णन	३४०
३. कविका संदेश	३४२
(१) मुनिका दर्शन	,,
(२) संसार तुच्छ	३४४
§ २९. जिनदत्त सूरि (११०० ई०)	३४८
१. जिन-वंदना	,,
२. गुरु-महिमा	,,
(जिन-वल्लभ)	,,
(१) दर्शन-व्याकरणादि विद्यानिधान	,,
(२) गुरु-दर्शनका महा-फल	३५०
(३) गुरुकी शिक्षाका फल	३५२
३. वेश्या-निन्दा	३५४
४. कविका संदेश	,,
(१) जात-पाँत मज़बूत करो	,,
(२) धर्मोपदेश	,,
(३) दुर्लभ मानुष-जन्म	३५६
(४) गुरु सब कुछ	,,
५ : बारहवीँ सदी	
§ ३०. हेमचन्द्र (११२० ई०)	३५८
१. सामन्त-समाज	,,
(१) राज-प्रशंसा	,,
(२) वीर-रस	३६०
(३) कुनारी-वर्णन	३६४
(४) शृंगार	,,
(५) ऋतु-वर्णन	३७२
(क) पावस	,,
(ख) शरद्	३७४
(ग) हेमन्त	,,
(घ) वसन्त	,,
(६) विरह-वर्णन	३७८
२. नीति-वाक्य	३८२
§ ३१. हरिभद्र सूरि (११५९ ई०)	३८४
१. प्रकृति-वर्णन	,,
(१) प्रातः	,,
(२) वसन्त	३८६
२. सामन्त-समाज	३८८
(१) नारी-सौन्दर्य	,,
(२) पुरुष (कृष्ण)-सौन्दर्य	,,
(३) विवाह-महोत्सव	,,
(४) नारी-विलाप	३९०

	पृष्ठ
३. कविका संदेश	३९२
(सब तुच्छ)	,,
§३२. अज्ञात कवि (१२६०)	,,
१. जगडू साहुके दानकी प्रशंसा	,,
२. अकालमें दुर्दशा	,,
§३३. आमभट्ट (११७० ई०)	३९४
सामन्त-प्रशंसा	,,
(१) सिद्धराज-प्रशंसा	,,
(२) कुमारपाल-प्रशंसा	,,
§३४. विद्याधर (११८० ई०)	३९६
सामन्त-प्रशंसा	,,
(जयचन्द-महिमा)	,,
§३५. शालिभद्र सूरि (११८४ ई०)	३९८
सामन्त-समाज	,,
(१) सिंहासनासीन राजा	,,
(२) सेना-यात्रा	४००
§३६. सोमप्रभ सूरि (११९५ ई०)	४०८
१. नीति-वाक्य	,,
२. सामन्त-समाज	४१०
(१) मंत्रि-पुत्र स्थूलभद्र	,,.
(२) नारी-सौन्दर्य	४१२
(३) वसंत	,,
(४) प्रेम	४१४
(५) विरह	४६१

	पृष्ठ
३. कविका संदेश	४१६
(१) जग तुच्छ	,,
(२) इंद्रियोंको मारो	४१८
(३) नरकका भय	४२०
§३७. जिनपद्म सूरि (१२०० ई०)	४२२
१. ऋतु-वर्णन	,,
पावस	,,
२. सामन्त-समाज	४२४
(१) शृंगार-सज्जा	,,
(२) हाव-भाव	४२६
§३८. विनयचन्द्र (१२००)	४२८
विरह-वर्णन	,,
(बारहमासा)	,,
§३९. चन्द बरदाई (१२०० ई०)	४३४
१. हिमालय-वर्णन	,,
२. सामन्त-समाज	,,
(१) राजा (वीसल)-प्रशंसा	,,
(२) शृंगार-रस	४३५
(३) युद्ध	४३८
(क) वीर-रस	,,
(ख) रण-यात्रा	,,
(ग) युद्ध-वर्णन	४३९
(घ) युद्धमें छल	४४१

	पृष्ठ
३ कविका संदेश	४४१
(भाग्यवाद)	,,

६ : तेरहवाँ सदी

§ ४०. लक्खण (१२५७ ई०)	४४२
१. आत्म-परिचय	,,
(१) काव्य-महिमा	,,
(२) आत्म-परिचय	,,
(३) कविका दीनता-प्रकाश	४४४
२. सामन्त-समाज	,,
(१) राजधानी (रायवड्डिय)	,,
(२) राजा (आहवमल्ल)-प्रशंसा	४४६
(३) रानी (ईसरदे)-प्रशंसा	४४८
(४) मंत्री (कान्हड)-प्रशंसा	,,
(५) मंत्रिपत्नि-प्रशंसा	४५०
§ ४१. जज्जल (१२८० ई०)	४५२
वीर-रस	,,
(राजा हंमीर-प्रशंसा)	,,
§ ४२. अज्ञात कवि (१२९०)	४५६
१. सामन्त-समाज	,,
(युद्ध-वर्णन)	,,
२. देव-स्तुति	४५८
(१) दश-अवतार	,,
(२) राम-स्तुति	,,
(३) कृष्ण-स्तुति	४६०
(४) शंकर-स्तुति	४६०
३. कविका संदेश	,,
सन्तोष और निराशावाद	४६४
§ ४३. हरिब्रह्म (१३०० ई०)	,,
मंत्री (चंडेश्वर)-प्रशंसा	,,
§ ४४. अंबदेव सूरि (१३०० ई०)	४६६
१. सामन्त-समाज	,,
(१) सेठ (समरसिंह)-प्रशंसा	,,
(२) बादशाह और मीरकी प्रशंसा	४६८
२. तीर्थयात्री "सेना"	,,
३. रचना-काल	४७०
§ ४५. अज्ञात कवि (१३०० ई०)	४७२
कक्का	,,
(वैराग्य और वात्सल्य)	,,
§ ४६. अज्ञात कवि (१३०० ई०)	४७८
जीते जी कीर्त्ति	,,
§ ४७. राजशेखर सूरि (१३००)	,,
सामन्त-समाज	,,
(१) नारी-सौन्दर्य	,,
(२) शृंगार-सजाव	४८०

[१]

१—सिद्ध-सामन्त-युग

(७६०—१३०० ई०)

हिन्दी काव्य-धारा

१. सिद्ध-सामन्त-युग

१. आठवाँ सदी

§ १. सरहपा

काल—७६० ई० (गोपाल-धर्मपाल ७५०-७०-८०६ ई०)। देश—मगध (नालंदा)। कुल—ब्राह्मण, भिक्षु, सिद्ध (६)। कृतियाँ[१]—कायकोष-अमृत-वज्रगीति, चित्तकोष-अज-वज्रगीति, डाकिनी-गुह्य-वज्रगीति, दोहाकोष-

१—दोहा[२]

(१) रहस्यवाद

अलिओ ! धम्म-महासुह पइसइ। लवणो जिमि पाणीहि विलिज्जइ ॥२॥
मन्तह मन्ते सन्ति ण होइ। पडिलभित्ति की उट्ठिउ होइ ॥६॥
तरुफल-दरिसण णउ अग्घाइ। वेज्ज देक्खि की रोग पलाइ ॥७॥

जाव ण आप जणिज्जइ, ताव ण सिस्स करेइ।
अन्धाँ अन्ध कढाव तिम, वेण्ण 'वि कूव पडेइ ॥८॥ —दोहाकोष[३]

सङ्ग-पास तोडहु गुरु-वअणें। ण सुनइ सो णउ दीसइ णअणें ॥३॥
पवण वहन्ते णउ सो हल्लइ। जलण जलन्ते णउ सो डज्झइ ॥४॥
घण वरिसन्ते णउ सो तिम्मइ। ण उवज्जहि णउ खअहि पइस्सइ ॥५॥

णउ तं बाअहि गुरु कहइ, णउ तं बुज्झइ सीस।
सहजामिअ-रसु सअल जगु, कासु कहिज्जइ कीस ॥९॥
सअ-संवित्ती तत्तफलु, सरहापाअ भणन्ति।
जो मण-गोअर पाविअइ, सो परमत्थ ण होन्ति ॥१०॥

—सरहपादीय दोहा ७, ८

---

[१] देखो मेरी "पुरातत्त्व-निबंधावलि" पृ० १६९ [२] The Journal of the

हिन्दी काव्य-धारा

१. सिद्ध-सामन्त-युग (७६०-१३०० ई०)

१. आठवीं सदी

§ १. सरहपा

उपदेशगीति, दोहाकोष, तत्त्वोपदेश-शिखर-दोहाकोष, भावनाफल-दृष्टिचर्या-दोहाकोष, वसन्ततिलक-दोहाकोष, चर्यागीति-दोहाकोष, महामुद्रोपदेश-दोहाकोष, सरहपाद-गीतिका ।

१—दोहा

(१) रहस्यवाद

अलिओ ! धर्ममहासुख प्रविशइ । नोन जिमी पानिही विलिज्जइ ॥२॥
मन्त्रहिं मंत्रे शान्ति न होइ । प्रतिलब्धी का उत्थित होइ ॥६॥
तरुफल-दर्शन नाहि अघाइ । वैद्यहिं देखि कि रोग पराइ ॥७॥

जबलों आप न जानिये, तबलों सिख न करेइ ।
अन्धा काढे अन्ध तिमि, दोउहिं कूप पडेइ ॥८॥ —दोहाकोष

शंक-पाश तोड़हु गुरु-वचने । न सुनइ सो नहिं दीसइ नयने ॥३॥
पवन वहन्ते ना सो हिल्लइ । ज्वलन जलन्ते ना सो डहियइ ॥४॥
घन वरसन्ते ना सो भीजइ । न उपजै न क्षयहिं पईसइ ॥५॥

ना सो वाचहिं गुरु कहइ, ना सो बूझइ शिष्य ।
सहजामृत-रस सकल जग, कासु कहीजै कस्य ॥९॥
स्वक-संवित्ती तत्त्व-फल, **सरहापाद** भनन्ति ।
जो मन-गोचर पाइअइ, सो परमार्थ न होन्ति ॥१०॥

—दोहा ७,८

---

(२) पाखंड-खंडन

बम्हणहि म जाणन्त हि भेउ । एँवइ पढ़िअउ ए चउबेउ ॥१॥
मट्टि पाणि कुस लई पढन्त । घरहीँ बइसी अग्गि हुणन्त ॥
कज्जे विरहइ हुअवह होमेँ । अक्खि डहाविअ कडुएँ धूयेँ ॥२॥
ऍंकदण्डि त्रिदण्डी भअवाँ वेसेँ । विणुआ होँइअइ हंस-उएसेँ ।
मिच्छेहाँ जग वाहिअ भुल्लेँ । धम्माधम्म ण जाणिअ तुल्लेँ ॥३॥
अइरिएहिँ उद्दूलिअ छारेँ । सीस सु बाहिअ ए जडभारेँ ॥
घरही वइसी दीवा जाली । कोणहिँ वइसी घण्डा चाली ॥४॥
अक्खि णिवेसी आंसण बन्धी । कण्णेहिँ खुसखुसाइ जण धन्धी ॥
रण्डी-मुण्डी अण्ण 'वि वेसेँ । दिक्खिज्जइ दक्खिण-उद्देसेँ ॥५॥
दीहणक्ख जइ मलिणे वेसेँ । णग्गल होइ उपाडिअ केसेँ ॥
खवणेहि जाण-विडंविअ वेसेँ । अप्पण वाहिअ मोक्ख-उवेसे ॥६॥

जइ णग्गाविअ होइ मुत्ति, ता सुणह सिआलह ।
लोम उपाडण अत्थि सिद्धि, ता जुवइ-णिअम्बह ॥७॥

पिच्छी गहणे दिट्ठ मोक्ख, ता मोरह चमरह ।
उञ्छ-भोअणेँ होइ जाण, ता करिह तुरङ्गह ॥८॥

सरह भणइ खवणाण मोक्ख, महु किम्पि न भावइ ।
तत्त-रहिअ काआ ण ताव, पर केवल साहइ ॥९॥

चेल्लु भिक्खु जे थविर उदेसेँ । बन्देहिँ आ पब्बज्जिउ-वेसेँ ॥
कोइ सुतप्त बक्खाण बइट्ठो । कोवि चिण्ते कर सोसइ डिट्ठो ॥१०॥

(३) मंत्र-देवता बेकार

जो जसु जेण होइ सन्तुट्ठों । मोक्ख कि लब्भइ झाण पविट्ठो ॥
किन्तह दीवेँ किँ तह णेवेज्जेँ । किन्तह किज्जइ मंतह सेब्बे ॥१४॥

(२) पाखंड-खंडन

ब्राह्मणहिँ ना जानन्ता भेद । यो हो पढेँउ ये चारो वेद ॥१॥
माटि पानि कुश लिये पढ़न्त । घरही बइठी अग्नि होँमन्त ॥
कार्य विना ही हुतवह होमेँ । आँखि डहावै कडुये धूयेँ ॥२॥

ऍकदण्डि त्रिदण्डी भगवा वेसे । ना होइहि विनु हंस्-उपदेशे ॥
मिथ्यहि जग बाहेऊ भूले । धर्म-अधर्म न जानेँउ तुल्येँ ॥३॥

आचरियेहिँ लपेटी छारा । सीसहिं ढोअत ये जट-भारा ॥
घरहीँ वइसे दीपक वारी । कोनहिं वइसे घंटा चाली ॥४॥

आँखि निवेशी आसन वाँधा । कर्णे खुसखुसाय जन मन्दा ॥
रंडी-मुंडी अन्यहुँ भेसेँ । देखीयत दच्छिना-उदेसें ॥५॥

दीर्घनखा जो मलिने भेसे । नंगा होइ उपाडिय केशे ॥
क्षपणक ज्ञान-विडंबित भेसे । अपना बाहर मोक्ष गवेषे ॥६॥

यदि नंगाये होइ मुक्ति, तो शुनक-शृगालहुँ ।
लोम उपाटे होइ सिद्धि, तो युवति-नितम्वहुँ ॥७॥

पिच्छि गहे देखेँउ जोँ मोक्ष, तो मोरहु चमरहुँ ।
उञ्छ-भोजने होइ ज्ञान, तो करिहु तुरंगहुँ ॥८॥

सरह भनै क्षपणकी मोक्ष, मोहिं तनिक न भावइ ।
तत्त्व-रहित काया न ताप, पर केवल साधइ ॥९॥

चेला भिक्षु जेँ स्थविर-उदेसे । वन्दहि आ प्रव्रजिता-वेसेँ ।
कोँइ स्वतंत्र व्याख्यानेँ बईठो । कोँइ चिन्ता करि शोषइ दीठो ॥१०॥

(३) मंत्र-देवता बेकार

जो जाँसु जेन होइ सन्तुष्टो । मोक्ष कि लभियइ ध्यान-प्रविष्टो ॥
की तेहिँ दीपेहिँ की नैवेद्ये । की हि कीजियइ मन्त्रहँ सेवे ॥१४॥

किन्तह तित्थ तपोवण जाई । मोक्ख कि लब्भइ पाणी न्हाई ॥१५॥
छाड़हुरे आलीका बन्धा । सो मुंचहु जो अच्छहु धंन्धा ॥
तसु परिआणे अण्ण ण कोई । अवरेँ गणे सव्व'वी सोई ॥१६॥
सोवि पढ़िज्जइ सोवि गुणिज्जइ । सत्थ-पुराणे वक्खाणिज्जइ ॥
णहि सो दिट्ठि जो ताउ ण लक्खइ । एक्कें वर गुरु-पाअे पेक्खइ ॥१७॥
झाण-हीण पब्बज्जे रहिअउ । घरहिं वसन्ते भज्जे सहिअउ ।
जइ भिँड़ि विसअ रमन्त ण मुच्चइ । **सरह** भणइ परिआण कि मुच्चइ ॥१९॥
जइ पच्चक्ख कि झाणे कीअअ । जइ परोक्ख अंधार म धीअअ ॥
सरहेँ णित्ते कड्ढिउ राव । सहज सहाव ण भावाभाव ॥२०॥

(४) सहज-मार्ग

जल्लइ मरइ उवज्जइ वज्झइ । तल्लइ परममहासुह सिज्झइ ॥
सरहे गहण गुहिर मग कहिआ । पसू-लोअ निव्वहि जिम रहिआ ॥२१॥
झाण-रहिअ की कीअइ झाणेँ । जो अवाअ तहि काह वखाणें ॥
भव मुद्दे सअलहि जग बाहिउ । णिअ सहाव णउ केण' वि साहिउ ॥२२॥
मन्त ण तन्त ण धेअ ण धारण । सब्व' वि रे बढ़ ! विब्भम-कारण ॥
असमल चित्त म झाणें खरडह । सुह अच्छन्त म अप्पणु झगड़ह ॥२३॥

(५) भोगमेँ निर्वाण

खाअन्त पिअन्ते सुहहिं रमन्ते । णित्त पुण्णु चक्का'वि भरन्ते ॥
अइस धँम्म सिज्झइ परलोअह । णाह पाए दलीउ भअलोअह ॥२४॥

जहि मण पवण ण संचरइ, रवि ससि णाह पवेस ।
तहि वढ़ !! चित्त विसाम करु, **सरहें** कहिअ उएस ॥२५॥
आइ ण अन्त ण मज्झ णउ, णउ भव णउ णिब्बाण ।
एँहु सो परममहासुह, णउ पर णउ अप्पाण ॥२७॥

सअ-संवित्ति म करहु रेँ धन्धा । भावाभाव सुगति रे बन्धा ॥
णिअ मण मुणहुरेँ णिउणें जोई । जिम जल जलहिं मिलन्ते सोई ॥३२॥

की तेहि तीर्थ तपोवन जाई । मोक्ष कि लभियहि पानि नहाई ॥१५॥
छाड़हु रे अलीका बन्धा । सो मुंचहु जो आछै मन्दा ।
तसु परि-ज्ञाने अन्य न कोई । अपरे गने सर्व ही सोई ॥१६॥
सोइ पढ़िज्जइ सोइ गुणिज्जइ । शास्त्र-पुराणे वक्खानिज्जइ ।
नहि सो दीख जों तब ना लक्खई । एकहिँ वर गुरु-पादें पेखई ॥१७॥
ध्यानहीन प्रव्रज्या - रहितउ । घरहिं वसन्ते भार्या-सहितउ ॥
यदि दृढ़ विषय-रती ना मुचइ । **सरह** भणइ परि-ज्ञान कि मुंचइ ॥१९॥
यदि प्रत्यक्ष कि ध्याने कीजिय । यदि परोक्ष अंधारमें ध्याइय ।
सरहेंहि नित्ये काढिउ राव । सहज स्वभाव न भावाभाव ॥२०॥

(४) सहज-मार्ग

जरइ मरइ उपजइ वध्यायइ । तहँ लय होइ महासुख सिध्यइ ।
सरहें गहन गह्वर मग कहिया । पशू-लोक निर्बोध जिमि रहिया ॥२१॥
ध्यान-रहित की कीजै ध्याने । जो अवाक् तेहि, काहि बखाने ।
भव-मुद्रहि जग सकल बहायउ । निज स्वभाव ना काहुहि साधेउ ॥२२॥
मंत्र न तंत्र न ध्येय न धारण । सर्वहु मूढ़ रें ! विभ्रम-कारण ।
निर्मल चित्त न ध्याने खीचहु । शुभ अछते न आपन झगड़हु ॥२३॥

(५) भोगमें निर्वाण

खाते पीते सुखहि रमन्ते । नित्य पूर्ण चक्कहू भरन्ते ।
अइस धर्म सिध्यइ परलोका । नाथ पाइ दलिया भयलोका ॥२४॥

जहँ मन पवन न संचरइ, रवि-शशि नाहिं प्रवेश ।
तहँ मुढ ! चित्त विश्राम करु, **सरह** कहेंउ उपदेश ॥२५॥
आदि न अंत न मध्य नहिं, नहिं भव नहिं निर्वाण ।
ऍहु सो परममहासुख, नहिं पर नहिं अप्पान ॥२७॥

स्वक-संवित्ति न करहु रें मंदा । भावाभाव सुगति रे बंधा ।
निज मन ध्यायहु निपुणे योगी । जिमि जल जलहिं मिलंते सोई ॥

पढ़में जइ आभास विसुद्धो । चाहतें चाहतें दिट्ठि णिरुद्धो ॥
एसें जइ आयास विकालो । णिअ मण दोस ण बुज्झइ बालो ॥३४॥
मूल-रहिअ जो चिन्तइ तत्त । गुरु-उवएसे एत्त-विअत्त ॥
सरह भणइ बढ़ ! जाणहु चंगे । चित्त-रूअ संसारह भंगे ॥३७॥
णिअ मण सब्बे सोहिअ जब्बें । गुरु-गुण हिअए पइसइ तब्बें ॥
एवँ मणे मुणि सरहें गाहिउ । तन्त मन्त णउ एक्क'वि चाहिउ ॥३९॥
जब्बे मण अत्थमण जाइ, तणु तुट्टइ बंधण ।
तब्बे समरस सहजे, वज्जइ सुद्द ण बम्हण ॥४६॥

(६) काया तीर्थ

एत्थु सें सुरसरि जमुणा, एत्थ सें गंगा साअरु ।
एत्थु पआग बणारसि, एत्थु सें चन्द दिवाअरु ॥४७॥
खेत्तु-पीठ-उपपीठ, एत्थु मइँ भमइ परिट्ठओं ।
देहा-सरिसअ तित्थ, मइँ सुह अण्ण ण दिट्ठओं ॥४८॥
सण्ड-पुअणि-दल-कमल-गन्ध केसर वरणालें ।
छड्डहु वेणिम ण करहु सोसँण लग्गहु बढ ! आलें ॥४९॥
काय तित्थ खअ जाइ, पुच्छह कुल ईणओ ।
बम्ह-बिट्ठु तेलोअ, सअल जाहि णिलीणओ ॥५०॥
वुद्धि विणासइ मण मरइ, जहि तुट्टइ अहिमाण ।
स माआमअ परम फलु, तहिं किं बज्झइ झाण ॥५३॥
भवहि उअज्जइ खअहि णिवज्जइ । भाव-रहिअ पुणु काहि उवज्जइ ॥
विण्ण-विवज्जिइ जोऊ वज्जइ । अच्छह सिरि गुरुणाह कहिज्जइ ॥५४॥
देक्खहु सुणहु परोसहु खाहु । जिग्घहु कमहुं बइठ्-उट्ठाहु ॥
आल - माल व्यवहारे पेल्लह । मण छड़ एक्काकार म चल्लह ॥५५॥

(७) गुरु-महिमा

गुरु-उवएसे अमिअ-रसु, धाव ण पीअउ जेहि ।
वहु-सत्थत्थ-मरुत्थलहिँ, तिसिए मरिअउ तेहि ॥५६॥

प्रथमे यदि आकाश विशुद्धा । देखत देखत दृष्टि निरुद्धा ॥
ऐसे यदि आयास विकालो । निज मन दोषहिं बूझ न बालो ॥३४॥
मूलरहित जो चिन्तइ तत्त्व । गुरु-उपदेशे अस्तं-व्यस्त ॥
सरह भनै मुढ़ ! जानहु चंगा । चित्त-रूप संसारहु भंगा ॥३७॥
निज मन सव्वै शोधिय जब्बै । गुरु-गुण हृदये पइसइ तब्बै ॥
ऐस समुझि मन सरहे गाहेँउ । तंत्र-मंत्र नहिं एकहु चाहेउ ॥३९॥
जब्बै मन अस्तमन जाइ, तन टूटइ बंधन ।
तब्बै समरस सहजे, कहियइ शूद्र न ब्राह्मण ॥४६॥

(६) काया तीर्थ

एहिँ सों सुरसरि जमुना, एहिँ सो गंगासागर ।
